# ट्रांसर्व द्वारा जारी धनी पे प्रीपेड खाते के लिए नियम एवं शर्तें

कृपया ध्यान दें कि ट्रांसर्व 'यूडियो' नाम के अंतर्गत प्रीपेड साधन जारी कर रहा था और अब इसने *10* अप्रैल *2019* से अपने उत्पादों और सेवाओं का नाम 'धनी पे' ब्रांड के अंतर्गत परिवर्तित कर दिया है। यूडियो वैलेट, यूडियो कार्ड और /या यूडियो सेवाओं के लिए पंजीकृत ग्राहक क्रमशः धनी पे प्रीपेड खाता, धनी पे कार्ड और / या धनी पे सेवाओं के लिए लागू निम्नलिखित नियम एवं शर्तों द्वारा नियंत्रित किए जाएंगे।

यह एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसे हमारी धनी पे सेवाओं का चुनाव करने या न करने का चुनाव करते समय सदैव अवश्य ध्यान में रखना चाहिए।

धनी पे मोबाइल ऐप इंस्टॉल करके या धनी पे वेबसाइट पर साइन अप करके या किसी भी धनी पे कैश बिंदु के माध्यम से और/या धनी पे सेवाओं के किसी भी भाग का उपयोग करके, ग्राहक स्पष्ट रूप से इस समझौते एवं धनी पे प्रीपेड साधन के उपयोग के लिए यहां नियत की गई सभी शर्तों से सहमत होता है और इस समझौते से अप्रतिसंहरणीय रूप से बंधे होने के लिए सहमति व्यक्त करता है। कृपया यहाँ दी गई शर्तों से सहमत होने से पहले उन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें। हमारी धनी पे सेवाओं के उपयोग के लिए लागू होने वाले भारत के सभी कानूनों, नियमों

और विनियमों को समझने और उनका अनुपालन करने के लिए आप पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।

ट्रांसर्व प्राइवेट लिमिटेड ने अर्ध-सीमित प्रीपेड भुगतान साधनों के निर्गमन और प्रचालन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से प्राधिकार प्राप्त किया है। ट्रांसर्व, प्रीपेड भुगतान साधनों के लिए लागू भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी घरेलू धन अंतरण दिशानिर्देशों एवं लागू हो सकने वाले किसी अन्य कानून का अनुपालन करता है। ट्रांसर्व "धनी पे" के नाम और ब्राण्ड से प्री पेड साधन जारी करता है।

धनी पे प्रीपेड खाता एंड्रॉयड *(सं. 1.4* और उससे उच्च*)*/आईओएस *(सं. 8* और उससे उच्च*)* पर मोबाइल एप्लीकेशन के रूप में और वेब पर उपलब्ध अर्ध-बंद प्रीपेड भुगतान साधन है। धनी पे प्रीपेड खाता निधियों को जोड़ने, पैसा भेजने, बिल विभाजित करने, सीसी/डीसी भण्डारित करने, बिल भुगतान करने, उपहार वाउचर भेजने, रिचार्ज करने, व्यापारिक भुगतान करने की कार्यात्मकताओं को समाहित करता है और साथ ही ग्राहक को वीजा/मास्टर/रुपे आदि जैसे कार्ड नेटवर्कों के सहयोग से जारी प्रीपेड कार्ड की सदस्यता लेने का विकल्प देता है । धनी पे प्रीपेड खाता केवल भारतीय मुद्रा में लेन-देन करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

ये नियम और शर्तें *(*ये *"*नियम और शर्तें*")* हमारी धनी पे सेवाओं *(*जैसी कि इसके बाद परिभाषित की गई हैं*)* का उपयोग करने के लिए नियम और शर्तों का निर्माण करती हैं। यह समझौता ग्राहक*(*जैसा नीचे परिभाषित किया गया है*)* और भारत के कानूनों के अंतर्गत निगमित एक कंपनी ट्रांसर्व प्राइवेट लिमिटेड *("*ट्रांसर्व*", "*हम*", "*हमारे*"* या *"*हम लोगों *")* के बीच ट्रांसर्व से ग्राहक के संबंध को प्रशासित करने वाला कानूनी दस्तावेज है।

शब्द *"*आप *", "*आपका*"* या *"*आपके*"* का संदर्भ धनी पे प्रीपेड खाते और धनी पे सेवाओं का उपयोग करने वाले *"*ग्राहक*"* से है।

इन "नियमों और शर्तों" के संबंध में;

- एकवचन के सभी संदर्भ में बहुवचन एवं पुरुषवाचक लिंग में स्त्रीवाचक लिंग सम्मिलित होंगे;
- खंड शीर्षक केवल सुविधा के लिए हैं और सापेक्षिक खंड के अर्थ को प्रभावित नहीं करते; और
- यदि इसमें से कोई प्रावधान सक्षम क्षेत्राधिकार के किसी भी न्यायालय द्वारा अवैध, शून्य या अप्रवर्तनीय माना जाता है, तो ऐसा प्रावधान यहाँ से हटाया गया माना जाएगा और शेष नियम और शर्तें पूर्ण शक्ति और प्रभाव से जारी रहेंगी।

## परिभाषाएँ

इस दस्तावेज़ में, निम्नलिखित शब्द और वाक्यांशों के निम्नलिखित अर्थ होंगे:

- "ट्रांसर्व", "हम " और "हमारे" शब्दों का संदर्भ भारत के कानूनों के अंतर्गत कंपनी ट्रांसर्व प्राइवेट से है और इसमें इसके इसके उत्तराधिकारियों और समनुदेशितों को सम्मिलित किया जाता है। "ग्राहक, उपयोगकर्ता, कर्मचारी, भुगतान सुरक्षा बीमा धारक" का अर्थ

ट्रांसर्व द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रीपेड खाता सेवा का पंजीकृत उपयोगकर्ता या धनी पे सेवाओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपयोग करने वाला कोई अन्य व्यक्ति होगा।

- "कॉर्पोरेट" का अर्थ एक सत्ता (प्राइवेट लिमिटेड), साझेदारी, फर्म, संगठन या कोई अन्य संस्था है जिसका अपने कर्मचारियों/लाभार्थियों को धनी पे कॉर्पोरेट भुगतान समाधान उपलब्ध कराने के लिए समझौता है।
- "शुल्क" या "प्रभारों" का अर्थ ट्रांसर्व द्वारा धनी पे सेवाओं के लिए प्रभारित किए जाने वाले शुल्क होगा; "अपने ग्राहक को जानो (KYC)" का संदर्भ भारतीय रिजर्व बैंक या किसी अन्य विनियामक निकाय द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले ऐसे विभिन्न मानदंडों, नियमों, कानूनों और संविधियों से होता है जिनके अंतर्गत ट्रांसर्व को कोई धनी पे सेवाएँ प्रदान करने से पहले व्यक्तिगत पहचान विवरण प्राप्त करने की आवश्यकता या इच्छा होती है;

"व्यापारी" का अर्थ ऐसी कोई भी साझेदारी फर्म, सीमित देयता साझेदारी फर्म, सरकारी लिमिटेड कंपनी, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, न्यास, समाज या भारत में समय-समय पर प्रवर्तित कानूनों के अनुसार कोई भी अन्य कानूनी इकाई है, जिसकी ट्रांसर्व के साथ सीधे/ कार्ड नेटवर्क/भुगतान समूहक के माध्यम से धनी पे प्रीपेड खाते की शेष राशि का उपयोग करके व्यापारी द्वारा ग्राहक को उपलब्ध कराए जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं के विचारार्थ -भुगतानों को स्वीकार करने और सम्मान करने के लिए व्यवस्था है। व्यापारियों में ट्रांसर्व द्वारा समय-समय पर विज्ञापित किए जाने वाले स्टोर, दुकानें, रेस्तरां, परिवहन संगठन आदि शामिल होंगे।;

- "आरबीआई" का अर्थ भारतीय रिजर्व बैंक है;
- एस्क्रौ बैंक" का अर्थ ऐसा कोई भी बैंक होगा जिसका हमारी धनी पे सेवाओं को निष्पादित करने के लिए ग्राहकों/ कंपनियों/ या किसी अन्य प्रतिष्ठान से प्राप्त अग्रिमों को धारण करने के लिए समय-समय पर अनुबंध हो सकता है।
- "भुगतान सेवा प्रदाता" का अर्थ सहयोगी बैंक, वित्तीय संस्थाएं, कार्ड जारीकर्ता बैंक, ऑनलाइन मध्यवर्ती, भुगतान गेटवे प्रदाता, कार्ड नेटवर्क संबद्धताएं, और/या ऐसी अन्य सत्ताएँ होगा जिनके साथ ट्रांसर्व ने ट्रांसर्व द्वारा धनी पे सेवाओं के प्रावधान को सुकर बनाने के लिए व्यवस्था की हो।
- "पासवर्ड" का अर्थ मोबाइल या वेब प्लेटफ़ॉर्म पर धनी पे प्रीपेड खाते और /या धनी पे वीसा/मास्टर/रुपे कार्ड के उपयोग को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक होने वाली, ट्रांसर्व के द्वारा समय-समय पर आबंटित की जाने वाली अक्षरांकीय स्ट्रिंग है;
- "व्यक्तिगत पहचान संख्या *(PIN)*" का अर्थ ग्राहक द्वारा धनी पे कार्ड को सक्रिय करते समय उत्पन्न की गई गोपनीय संख्या/ओं का सेट होगा। इस पिन को पीओएस/क्यूआर टर्मिनल पर पीपीआई का उपयोग करके, या पीपीआई प्रीपेड खाता होने के मामले में द्वितीय कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करके लेनदेन करने के लिए उपयोग किया जा सकता है।
- "पीओएस" का अर्थ भारत में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लेनदेन का प्रसंस्करण करने में सक्षम प्वाइंट ऑफ सेल इलेक्ट्रॉनिक टर्मिनल होगा और जिस पर अन्य बातों के साथ-साथ ग्राहक धनी पे कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीदारी कर

सकते हैं। भारत में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पॉइंट ऑफ सेल इलेक्ट्रॉनिक टर्मिनल ऐसे लेनदेन संसाधित करने में सक्षम होता है जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ ग्राहक धनी पे कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीददारियाँ कर सकता है।

- "क्यूआर" का अर्थ क्यूआर कोड में एम्बेडेड व्यापारी पहचान के आधार पर कार्ड योजना नेटवर्क आधार पर लेनदेन की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर प्रदर्शित क्विक रिस्पांस कोड होगा।
- ऐसे "विनियम" जिनके अंतर्गत धनी पे प्रीपेड खाता आता है और जो भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, *2007 ("*पीएसएस अधिनियम*")* के अनुरुप हैं*;* भारत में प्रीपेड भुगतान साधनों को जारी करने और उनके संचालन के *(*रिजर्व बैक*)* निर्देशों, *("*भारतीय रिजर्व बैंक दिशा निर्देशों*"),* के अंतर्गत आने वाले जुलाई *01, 2914* पर, और उसके बाद अद्यतित किए गए दिशा-निर्देश*;* भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए घरेलू धन अंतरण दिशानिर्देश और इन नियमों और शर्तों पर लागू हो सकने वाले कोई भी अन्य कानून।
- "धनी पे सेवाओं" का अर्थ धनी पे प्रीपेड खाता, धनी पे कार्ड जैसी सेवाएँ, ट्रांसर्व द्वारा ग्राहकों को मोबाइल एप्लीकेशन और/ या वेबसाइट, या ट्रांसर्व द्वारा निर्धारित की जा सकने वाली किसी भी अन्य विधा के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न भुगतान कार्यक्षमताएँ एवं सेवाएँ होगा।
- "धनी पे वाउचर " का अर्थ विशिष्ट प्रयोजन, अहस्तांतरणीय वाउचर होगा जिसे केवल चयनित लेन-देन/व्यापारी वर्ग के लिए उपयोग किया जा सकता है।

- "धनी पे प्रीपेड खाते" का अर्थ ट्रांसर्व प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार प्रीपेड भुगतान साधन जारी करने और संचालित करने के लिए अर्ध संवृत पूर्वदत्त साधन (सेमी क्लोज़्ड प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट) है। ऐसा साधन इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी किया और प्रचालित किया जाता है जिसमें ग्राहक ऐसे खाते तक मोबाइल हैंडसेट या वेबसाइट या धनी पे कार्ड या ऐसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से पहुँच स्थापित करते हैं।
- "धनी पे कार्ड " का अर्थ कार्ड नेटवर्क के सहयोग से धनी पे प्रीपेड खाते में उपलब्ध धन तक पहुंचने के लिए जारी किया गया भौतिक /डिजिटल प्रीपेड कार्ड है जिसे साथ ही साथ किसी भी ऑनलाइन व्यापारी या कार्ड नेटवर्क को स्वीकार करने वाले किसी भी पीओएस टर्मिनल पर उपयोग किया जा सकता है।
- धनी पे कॉर्पोरेट भुगतान समाधानों का अर्थ कंपनियों को मान्य धनी पे प्रीपेड खाता/कार्ड धारण करने वाले को व्यक्ति को डिजिटल रूप से भुगतान वितरित करने के लिए उपलब्ध सुविधा होगी।
- "लेनदेन" का अर्थ ट्रांसर्व द्वारा प्रतिधारित किए जाने वाले रिकॉर्ड में प्रकट होने वाला और ग्राहक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यापारी के साथ किसी लेन-देन को प्रभावी बनाने के लिए किया जाने वाला अनुदेश या पूछताछ या संचार होता है।
- "लेनदेन पुष्टिकरण " का अर्थ ट्रांसर्व द्वारा या तो व्यापारी या ग्राहक से वस्तुओं या सेवाओं की प्राप्ति या सुपुर्दगी के संबंध में प्राप्त सूचना होगा।
- "कार्य दिवसों" का अर्थ ऐसा कोई भ्प्ी दिन होगा जिस पर मुंबई में बैंक व्यापार के

लिए खुले रहते हैं और जैसा कि आगे खंड *18* में नीचे बताया गया है।

## पात्रता

धनी पे सेवाओं का उपयोग करने के लिए पंजीकृत होकर, धनी पे सेवाओं का निर्माण कर और उपयोग कर इन नियमों और शर्तों में अन्यत्र कहीं आपके द्वारा किए जाने हेतु आवश्यक निरूपणों के अतिरिक्त यह निरूपित करते और पुष्टि करते हैं कि आप*:*

- *18 (*अठारह*)* वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं *;*
- एक भारतीय नागरिक, भारत के विधिसम्मत निवासी या भारत में पंजीकृत व्यावसायिक संस्था और भारत में व्यवसाय संचालित करने के लिए प्राधिकृत हैं*;* भारतीय संविदा अधिनियम, *1972* के अर्थ के अंतर्गत *'*अनुबंध करने में अक्षम*'* नहीं हैं, और
- लागू कानून के अनुसार इन नियमों और शर्तों में प्रवेश कर रहे हैं और इनका निष्पादन कर रहे हैं।

यदि हमें इस तथ्य पर विश्वास करने का तर्क मिलता है कि आपका खाता किसी अपात्र या इस समझौते की शर्तों का अनुपालन नहीं करने वाले व्यक्ति द्वारा उपयोग किया जा रहा है तो हमें साथ तो हम आपके खाते को किसी भी समय बन्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

आप आगे निरूपित करते और पुष्टि करते हैं कि आप भारत के कानूनों या अन्य लागू कानूनों के अंतर्गत धनी पे सेवाओं को उपयोग करने/प्राप्त करने से प्रतिबंधित किए गए व्यक्ति नहीं हैं।

धनी पे सेवाओं का उपयोग केवल भारत में किया जा सकता है। आप स्वीकार करते हैं कि धनी पे सेवाएँ भारत में कानूनों, नियमों, विनियमों, और दिशानिर्देशों द्वारा लागू आयात और निर्यात प्रतिबंधों के अधीन हो सकती हैं।

## पहचान प्रमाणीकरण

आप इसके द्वारा ट्रांसर्व को सीधे या तीसरे पक्ष के माध्यम से आपकी पहचान और खाता जानकारी को मान्य करने के लिए हमारी दृष्टि से आवश्यक मानी जाने वाली किसी भी प्रकार की जाँच करने के लिए अधिकृत करते हैं। इसमें आपके मोबाइल नंबर का ओटीपी प्रमाणीकरण, या आपसे और अधिक जानकारी के विषय में पूछना और/या आपके खाते के उपयोग या पहचान के बारे में दस्तावेज़ीकरण या आपसे केवाईसी दस्तावेज़ प्रस्तुत करके पहचान, आपके ईमेल पते का स्वामित्व, टेलीफ़ोन नंबर, या वित्तीय साधनों आदि को पुष्ट करने की आवश्यकता आदि शामिल हो सकते हैं। यह प्रक्रिया आंतरिक पुष्टीकरण और सत्यापन प्रयोजनों के लिए है ।

## धनी पे प्रीपेड खाता पंजीकरण

कृपया ध्यान दें कि आरबीआई या किसी अन्य नियामक संस्था द्वारा जारी विभिन्न मानदंडों, नियम, विनियमों,

कानूनों और संविधियों का अनुपालन करने के लिए, हम आपको आपके नाम पर पंजीकृत फोन नंबर की सहबद्धता में एक से अधिक खाते साथ खोलने की अनुमति नहीं देते हैं।

ऐसे सभी पीपीआई धारकों जिन्होंने आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज *(OVD),* जैसे कि आधार संख्या या पैन या ऐसी कोई अन्य अधिकृत दस्तावेज संख्या के विवरण उपलब्ध नहीं कराए हैं, उन्हें "केवाईसी लंबित" प्रस्थिति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। "केवाईसी लंबित" प्रस्थिति वाले ग्राहक धनी पे प्रीपेड खाते में किसी प्रकार की निधियों का योग नहीं कर सकते। ऐसे ग्राहक उपलब्ध धनी पे प्रीपेड खाता शेष का उपयोग किसी भी उत्पाद और सेवाओं की खरीद के लिए कर सकते हैं। किसी बैंक खाते में या किसी अंय पीपीआई धारक को अंतरित करने के लिए इस प्रकार के शेष के उपयोग की अनुमति नहीं है।

ऐसे सभी पीपीआई धारक जिन्होंने आधिकारिक वैध दस्तावेज *(OVD),* जैसे आधार संख्या या पैन या ऐसे कोई अन्य अधिकृत दस्तावेज की संख्या के विवरण प्रदान किए हैं, उन्हें "न्यूनतम केवाईसी" के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। "न्यूनतम केवाईसी" ग्राहक यह कर सकते हैं:

- पीपीआई में ₹ *10,000* तक शेष बनाए रखना
- एक महीने में ₹ *10,000* तक निधियों को लोड करना
- एक महीने में ₹ *10,000* तक खर्च करना

- वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए निधियों का उपयोग

“न्यूनतम केवाईसी ग्राहक” को आधिकारिक वैध दस्तावेज *(OVD)* विवरण प्रदान करने की तारीख से एक वर्ष तक की अवधि या उसस पहले में अनिवार्य रूप से पूर्ण केवाईसी श्रेणी में उन्नत *(*अपग्रेड*)* होने की आवश्यकता होगी। यदि ग्राहक उन्नत *(*अपग्रेड*)* होने में विफल हो जाता है तो ऐसे ग्राहकों को आरबीआई द्वारा निर्धारित प्रयोज्य लेनदेन सीमाओं के साथ "केवाईसी लंबित" श्रेणी में अवनत *(*डाउनग्रेड*)* कर दिया जाएगा।

- प्रचलित विनियामक दिशानिर्देशों के अधीन ई-केवाईसी *(eKYC)* प्रक्रिया पूरी करने वाले प्रीपेड भुगतान उपकरण *(*पीपीआई*)* धारकों को "ई-केवाईसी" के रप में वर्गीकृत किया जाएगा। ऐसे ग्राहक इस दस्तावेज़ में नीचे दी गई ई-केवाईसी *(eKYC) eKYC* नियम और शर्तों से सहमत होंगे सहमत होंगे सहमत होंगे। ई-केवाईसी ग्राहक यह कर सकते हैं-

  - किसी भी समय बिंदु पर ₹*1,00,000* तक शेष धनराशि बनाए रखना
  - अगले *12* महीनों में ₹*2,00,000* तक लेनदेन करना
  - वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए निधियों का उपयोग करना

- किसी अन्य धनी पे प्रीपेड खाते में निधियों का अंतरण करना

- पूर्ण केवाईसी *(KYC)* प्रक्रिया पूरी करने वाले अर्थात् आवेदन पत्र, फोटोग्राफ, केवाईसी दस्तावेजों या बायो-मीट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण प्रस्तुत करने वाले, प्रीपेड भुगतान उपकरण *(*पीपीआई*)* धारकों को इस श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाएगा। ऐसे ग्राहक यह कर सकते हैं*:*

  - किसी भी समय बिंदु पर ₹ *1,00,000* तक की धनराशि बनाए रखना।
  - बढ़ी हुई वार्षिक व्यय सीमाएँ
  - वस्तुओं और सेवाओं की खरीद के लिए निधियों का उपयोग करना
  - किसी भी बैंक खाते में निधियों का अंतरण करना
  - किसी अन्य धनी पे प्रीपेड खाते में निधियों का अंतरण करना

आवश्यक दस्तावेज़*:* विधिवत भरे केवाईसी प्रपत्र एवं पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ पैन कार्ड की प्रति

*(अनिवार्य )* और आधार कार्ड/वाहन चालक लाइसेंस/पासपोर्ट/मतदाता पहचान पत्र/नरेगा *(एनआरईजीए)* कार्ड की प्रति। सत्यापन उद्देश्य के लिए मूल दस्तावेज़ों को ट्रांसर्व प्रतिनिधि के सामने प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

**ओटीपी आधारित ई-केवाईसी *: (प्रचलित विनियामक दिशानिर्देशों के अधीन)***

नीचे दी गई ये शर्तें ऐसे ग्राहकों पर लागू होंगी जो उन्नयन के लिए ओटीपी आधारित ई-केवाईसी चुनते हैं।

- ग्राहक इसके द्वारा
  - धनी पे सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ओटीपी के द्वारा प्रमाणन के लिए
  - सहमति देता है।

    यह घोषणा करता है कि ओटीपी आधारित ई-केवाईसी का उपयोग करके कोई अन्य प्रीपेड खाता नहीं खोला गया है और न ही खोला जाएगा।
  - धनी पे को विनियामक द्वारा यथाविहित अवधि के लिए ई-केवाईसी डेटा प्राप्त और भंडारित करने के लिए अधिकृत करता है।

- धनी पे को अपना ई-केवाईसी डेटा स्पष्ट रूप से ऐसी अन्य विनियमित संस्थाओं के साथ साझा/उपयोग करने की अनुमति देता है जिनके साथ धनी पे ने संवर्धित उत्पाद और/या सेवा ओं को प्रदान करने के लिए साइन अप किया है। ओटीपी आधारित ई-केवाईसी विवरण के लिए लागू ऐसे सभी प्रचलित विनियमों और संशोधनों का पालन करना के लिए सहमत होता है जिनके विषय में "प्रमुख दिशा निर्देश -अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) दिशा निर्देश, जिन्हें समय-समय पर अपडेट किया जाता है" नामक परिपत्र में उल्लेख किया गया है।
- ई-केवाईसी ग्राहक किसी भी समय बिंदु पर ओटीपी ई-केवाईसी की तारीख से *1* वर्ष के लिए *1,00000* रुपए तक रख सकते हैं और एक वर्ष में *2, 00000* रुपए तक के लिए लेनदेन कर सकते हैं ।
- ओटीपी आधारित ई-केवाईसी ग्राहक के ओटीपी आधारित ई-केवाईसी पूरा होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगी। ग्राहक को उक्त एक वर्ष पूरा होने पर या उससे पहले कि अनिवार्य रूप से पूर्ण केवाईसी श्रेणी में उन्नत (अपग्रेड) होने की आवश्यकता होगी। ग्राहक द्वारा उन्नत (अपग्रेड) होने में विफल रहने पर, ऐसे ग्राहकों को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा यथाविहित प्रयोज्य सीमाओं के साथ "केवाईसी लंबित" श्रेणी में अवनत (डाउनग्रेड) कर दिया जाएगा ।

उपर्युक्त शर्तें भारतीय रिजर्व बैंक के प्रमुख निर्देशों के अधीन हैं।

## **नियम और शर्तें**

परभावी होने की तिथि: [24 Dec. 2019]

ये नियम और शर्तें ("**शर्तें**") ट्रान्सर्व प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व और संचालन में ब्रांड नाम धनी पे ("**धनी पे**") के तहत एक पूर्ण केवाईसी प्रीपेड खाते की स्थापना और उपयोग पर लागू होती हैं। ये शर्तें आपके और ट्रान्सर्व प्राइवेट लिमिटेड ("**ट्रान्सर्व**", "**हम**" या "**हमारे**") और / या इसके सहयोगियों के बीच हैं। ये शर्तें हमारे द्वारा प्रस्तुत धनी पे मोबाइल एप्लिकेशन और वेबसाइट पर धनी पे के संबंध में हमारे संबंधित अधिकारों और दायित्वों को नियंत्रित करती हैं।

कृपया ध्यान दें कि धनी पे का आपका उपयोग भी (a) ***ट्रान्सर्व द्वारा जारी धनी पे प्रीपेड खाते के लिए नियमों और शर्तों***, और (b) **एतद्द्वारा जुड़ी *गोपनीयता नीति***, साथ ही साथ इन शर्तों में समाहित धनी पे मोबाइल एप्लिकेशन और वेबसाइट के अन्य सभी लागू नियमों, शर्तों, सीमाओं और आवश्यकताओं, (समय-समय पर परिवर्तित रूप में) द्वारा शासित है। धनी पे का उपयोग करने के लिए सहमत होने के द्वारा, आप इन शर्तों से अपनी स्वीकृति को दर्शाते हैं। यदि आप शर्तों से सहमत नहीं हैं, तो कृपया धनी पे का उपयोग न करें। इन शर्तों में परिवर्तनों को पोस्ट करने के बाद आप के द्वारा धनी पे का उपयोग जारी रखना उन परिवर्तनों की आप के द्वारा स्वीकृति प्रकट करना माना जाएगा। ट्रान्सर्व धनी पे और दी जाने वाली सेवाओं तक पहुँच से किसी भी व्यक्ति को किसी भी समय और किसी भी कारण से वंचित करने का अपना एकमात्र और संपूर्ण विवेकाधिकार सुरक्षित रखता है।

ट्रान्सर्व किसी भी समय, इन शर्तों को संशोधित, परिवर्तित या अपडेट करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। TranServ आपके पंजीकरण के समय दर्ज किए गए इमेल पते पर या धनी पे पर प्रकाशित सूचना द्वारा ऐसे परिवर्तनों के बारे में आपको सूचित करेगा।

### 1. **धनी पे प्रीपेड खाता**

ट्रान्सर्व भारतीय रिज़र्व बैंक ("**आरबीआई**") द्वारा भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के प्रावधानों तथा उसके तहत समय-समय पर संशोधित रूप में, तैयार किए गए दिशा-निर्देशों और विनियमों के अनुसार भारत में अर्द्ध-बंद प्री-पेड भुगतान उपकरणों को जारी और संचालित करने के लिए अधिकृत है।

**2. धनी पे खाते की स्थापना के लिए सहमति**

आप इसके द्वारा अपना पूर्ण केवाईसी धनी पे खाता स्थापित करने के लिए ट्रान्सर्व को आपके द्वारा लागू कानूनों के तहत आवश्यक, अपना केवाईसी पूरा करने, और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) से पैन विवरण सत्यापित करने के लिए, इंडियाबुल्स कंज्यूमर फाइनेंस लिमिटेड ("**इंडियाबुल्स**"), को प्रस्तुत (भौतिक, डिजिटल या अन्य रूप में) मूल केवाईसी दस्तावेजों ("**केवाईसी दस्तावेज**") की प्रतियों का (इस तरह के दस्तावेजों में निहित जानकारी सहित) उपयोग करने की सहमति देते हैं।

पूर्वोक्त प्रक्रिया को पूरा करने के लिए, ट्रान्सर्व आपको अपने भौतिक दस्तावेज, जैसे पते का प्रमाण, पहचान का प्रमाण, स्थायी खाता संख्या (PAN) और आपकी तस्वीर, मैन्युअल रूप से या किसी अन्य निर्धारित तंत्र के माध्यम से प्रस्तुत करने का विकल्प भी प्रदान कर सकता है।

आप इन शर्तों में उल्लिखित उद्देश्यों के लिए तथा आपको अन्य प्रस्ताव और / या जानकारी प्रदान करने के लिए, हमारी सहयोगी कंपनियों / समूह की कंपनियों, या तीसरे पक्ष / सेवा प्रदाताओं द्वारा आपसे जुड़ी जानकारी (संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी सहित) को एकत्रित करने, भंडारित करने, साझा करने और प्रसंस्करण किए जाने के लिए सहमत होते हैं और उसकी स्वीकृति देते हैं।

**3. सीमाएं**

यह ट्रान्सर्व द्वारा जारी किए गए, समय-समय पर संशोधित धनी पे प्रीपेड खाते के नियमों और शर्तों के अनुसार है। आप यह भी जानते हैं कि, आरबीआई के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार, पूर्ण केवाईसी वॉलेट में मेंटेन की जा सकने वाली अधिकतम शेष राशि INR 1,00,000 / - (केवल एक लाख भारतीय रुपये) तक है।

**4. दायित्व का अस्वीकरण**

आप सहमत हैं कि धनी पे के माध्यम से किए गए किसी भी भुगतान से जुड़े किसी धोखाधड़ी सहित, धनी पे के उपयोग के कारण, और इंडियाबुल्स द्वारा ट्रान्सर्व को प्रदान की गई जानकारी, डेटा या दस्तावेज़ों के उपयोग के परिणामस्वरूप आपको होने वाले किसी भी नुकसान या क्षति के लिए हम उत्तरदायी नहीं होंगे।

**5. शासी कानून और न्यायिक क्षेत्राधिकार।**

इन शर्तों को भारत के कानूनों के अनुसार नियंत्रित और लागू किया जाएगा। इन शर्तों के संबंध में या इनसे जुड़े किसी भी विवाद के संबंध में विशेष न्यायिक क्षेत्राधिकार नई दिल्ली में स्थित न्यायालयों को होगा।

## धनी पे परी्पेड खाता सुरक्षा

- धनी पे प्रीपेड खाते, धनी पे कार्ड और धनी पे सेवाओं की सुरक्षा के लिए आप पूरी तरह जिम्मेदार होंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सुरक्षि◌ंस रखने और प्राधिकृत उपयोग के लिए आप सभी आवश्यक कदम उठाएं।
  पासवर्ड केवल वहीं दर्ज किया जाना चाहिए ट्रांसर्व द्वारा प्रेरित किया जाए। आप किसी को भी मौखिक, लिखित रूप से पासवर्ड प्रकट नहीं करेंगे या इसे अन्यत्र कहीं भी रिकार्ड नहीं करेंगे।

- पासवर्ड/पिन की सुरक्षा बहुत महत्वूपर्ण है और इनमें से किसी भी आवश्यकता का उल्लंघन धनी पे प्रीपेड खाता, धनी पे कार्ड और अन्य धनी पे सेवाओं के अनधिकृत उपयोग के समान होगा जिसके लिए ऐसे उल्लंघन या अनधिकृत उपयोग के लिए ट्रांसर्व का कोई भी दायित्व नहीं होगा। पासवर्ड/पिन की गोपनीयता बनाए रखने के लिए आप जिम्मेदार हैं, और अपने खाते के अंतर्गत होने वाली सभी गतिविधियों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं, जिनमें निम्नलिखित इत्यादि सम्मिलित हैं,
- अपने खाते का पासवर्ड भूल जाने पर, आप "पासवर्ड भूल गए?" पर क्लिक कर सकते हैं। आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी ट्रिगर किया जाएगा। आपको पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी को वेरिफाई करना होगा और सत्यापन के लिए अपना नया पासवर्ड इनपुट करना होगा।
- किसी भी कारण से लगातार 30 (तीस) दिनों की अवधि तक अपने खाते या धनी पे प्रीपेड खाता तक पहुँच स्थापित न करने पर, आपका खाता लॉग आउट कर दिया जाएगा। आगे किसी भी लेनदेनों के लिए, आप अपने क्रेडेंशियल्स का उपयोग कर लॉगिन कर सकते हैं।
- अपना पासवर्ड भूलने के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से अपना खाते या धनी पे प्रीपेड खाता तक पहुँच स्थापित करने में अक्षम होने पर , आप हमें धनी पे सेवाओं की सहायता डेस्क पर सूचना दे सकते हैं और अपना खाता अवरोधित करने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। अवरोधित करने के लिए आपके द्वारा अनुरोध करने से पहले आपके खाते के माध्यम से हुए किसी भी अनधिकृत लेनदेन के लिए हम उत्तरदायी नहीं होंगे।

- आप सहमति व्यक्त करते हैं कि, आप

    a. ट्रांसर्व को आपके पासवर्ड या आपके खाते या सुरक्षा के किसी अन्य उल्लंघन के विषय में तत्काल सूचित करेंगे, और
    b. सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक सत्र के अंत में आप अपने खाते से सुरक्षित रूप से बाहर जाएँ।
- कृपया अपने धनी पे प्रीपेड खाता/कार्ड/ केवाईसी विवरण ("पंजीकरण डेटा") को किसी भी तीसरे पक्ष के साथ साझा न करें क्योंकि अपने पंजीकरण डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए पूरी तरह आप ही जिम्मेदार होंगे और अपने खाते और धनी पे प्रीपेड खाते के माध्यम से होने वाली सभी गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होंगे चाहे वे आपके या किसी तीसरे पक्ष द्वारा आरम्भ की गई हों।
- भारतीय रिजर्व बैंक या किसी अन्य विनियामक निकाय द्वारा भारत में मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए जारी विभिन्न मानदंडों, नियमों, विनियमों, कानूनों और संविधियों के अनुसार, हम आपके खाते को तत्काल प्रभाव से निलंबित या बन्द कर सकते हैं, यदि हमें यह विश्वास करने का कारण है कि आपके द्वारा प्रदान किया गया पंजीकरण डेटा या कोई अन्य डेटा ग़लत/ रद्दी है/ धोखाधड़ी के रूप में टैग किया गया है, या कि आपके खाते की सुरक्षा को किसी भी तरह से संकटग्रस्त किया गया है।

## धनी पे प्रीपेड खाते में पैसे डालना

धनी पे प्रीपेड खाते में पैसे डालना ऊपर परिभाषित किए गए विभिन्न विनियमों के अधीन या उनके अनुसार होगा।

- इन नियमों और शर्तों के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सफलतापूर्वक खाता बनाने के बाद, आप धनी पे प्रीपेड खाते के माध्यम से हमारी सेवाएँ प्राप्त करना आरम्भ कर सकते हैं।
- निधियों को लोड करना *(*पैसे डालना*): –* आपकी केवाईसी स्थिति के आधार पर, धनी पे प्रीपेड खाता में पुन*:* पैसे डाले जा सकते हैं, और हर श्रेणी के लिए लागू सीमाएं किसी समय बिन्दु पर आरबीआई और किसी अन्य विनिया मक निकाय द्वारा जारी विभिन्न मानदंडों, नियमों, विनियमों, कानूनों और संविधियों पर लागू होंगी।

- नकद आहरण: - आरबीआई और किसी अन्य विनियामक निकाय द्वारा जारी विभिन्न मानदंडों, नियमों, विनियमों, कानूनों और संविधियों के अंतर्गत धनी पे प्रीपेड खाते से नकद आहरण निषिद्ध है।
- हस्तांतरणीयता : - आरबीआई और किसी अन्य विनियामक निकाय द्वारा जारी विभिन्न मानदंडों, नियमों, विनियमों, कानूनों और संविधियों द्वारा उपयोगकर्ता से किसी भी तृतीय पक्ष को खातों और/या धनी पे प्रीपेड खातों के हस्तांतरण का निषेध है।

धनी पे प्रीपेड खाते में दो अवयव हैं अर्थात्, धनी पे कैश और धनी पे वाउचर।

## धनी पे नकद:

## क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग का उपयोग करना:

जब ग्राहक क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या नकद का उपयोग करके पैसे डालता है तो, धनी पे कैश वित्तपोषित हो जाता है। यह राशि धनी पे प्रीपेड खाते की श्रेणी के आधार पर सभी प्रकार के लेनदेनों के लिए उपयोग की जा सकती है। धनी पे कैश का उपयोग करके किए गए लेनदेनों के लिए धन-वापसी, उपयोगकर्ता के लिए प्रचलित लेनदेन सीमाओं के अधीन धनी पे कैश में जुड़ जाती है।

- धनी पे कैश में पैसे डालने (लोड करने) के लिए संग्रहीत कार्डों के मामले में , कार्ड संख्या, उपयोग समाप्ति तिथि आदि कार्ड विवरण हमारे पीसीआई-डीएसएस *(PCI-DSS)* अनुरूप भुगतान वॉल्ट में टोकेनाइजेशन नामक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके टोकन के रूप में संग्रहीत किए जाते हैं। सीवीवी जानकारी को कभी भी संग्रहीत नहीं किया जाता है और ग्राहक को कार्ड को समाविष्ट करने वाले किसी भी लेनदेन को प्राधिकृत करने के लिए सीवीवी को इनपुट करने की आवश्यकता होती है।

आपके विवरण में दिखाया गया व्यापारी का नाम या तो "धनी पे" या "ट्रांसर्व" होगा। **धनी पे प्रीपेड खाते में पैसे डालना (लोड करना) – अधिकृत लेनदेनों के लिए भुगतान की शर्तें और विधियाँ।**

- आप धनी पे प्रीपेड खाते में पैसे डालने के लिए केवल भुगतान के उन साधनों का लाभ उठा सकते हैं जो इन नियम और शर्तों में सूचीबद्ध हैं इनमें क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग या हमारे द्वारा समय-समय संशोधित की जा सकने वाली अन्य विधाएँ सम्मिलित हैं।
- जब आप अपने धनी पे प्रीपेड खाते में पैसे डालने का चयन करते हैं तो आपको वांछित लेनदेन करने के लिए कुछ विवरण जैसे कि कार्ड पर नाम, बैंक विवरण, पता आदि *("भुगतान विवरण")* प्रदान करने की आवश्यकता होगी। यदि आप ऐसे भुगतान विवरण प्रदान करते है, तो आप इस बात से सहमत हैं कि आप ऐसा स्वेच्छा से करते है।
- आपके द्वारा प्रदान किए गए भुगतान विवरण आपके सर्वोत्तम ज्ञान, सूचना और विश्वास के अनुसार अनिवार्य रूप से सत्य और सटीक होने चाहिए। यदि आप अवास्तविक या

गलत भुगतान विवरण प्रदान करते हैं तो परिणामों के विषय में हमारा कोई दायित्व नहीं है। गलत या रद्दी भुगतान विवरण प्रदान करने से धनी पे प्रीपेड खाता /कार्ड का निलंबन/ निष्क्रियण हो सकता है।

- आप इस तथ्य का प्रतिनिधित्व करते और समर्थन करते हैं कि आप ऐसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या बैंक खाते का उपयोग करने के लिए कानूनी तौर पर और पूरी तरह से अधिकारी हैं जिसे आप अपने धनी पे प्रीपेड खाते में पैसे लोड करने के लिए उपयोग करने का प्रयास करते है।
- आप प्रतिनिधित्व करते और समर्थन करते हैं कि आप जिस बैंक खाते के माध्यम से अपने धनी पे प्रीपेड खाता में पैसे डालने का प्रयास करते हैं, उसमें आपके प्रस्तावित लेनदेन को सम्पन्न करने के लिए पर्याप्त धनराशि है। हम ऐसे लेनदेनों को लोड करने का कोई दायित्व वहन नहीं करते हैं जो आपके बैंक खाते में अपर्याप्त निधि के कारण रद्द कर दिए गए हैं।

## कैशपॉइंट्स के माध्यम से लोड:

पंजीकृत ग्राहक किसी भी धनी पे कैशपॉइंट्स या धनी पे ऐप पर दर्शाए गए साझेदार साथी कैशपॉइंट्स पर जाकर भी अपने धनी पे प्रीपेड खाते में पैसा डाल सकता है। ग्राहक को कैश प्वाइंट स्थान पर जाकर अपने मोबाइल नंबर को निर्दिष्ट करना है और डाली जाने वाली धनराशि (कैश लोड) को निर्दिष्ट करना होता है। कैश लोड सीमाएं, प्रीपेड भुगतान उपकरण धारक की श्रेणी के अनुसार परिवर्तित होंगी। प्रीपेड भुगतान उपकरण में अधिकतम कैश लोड (रोकड़ भार) ₹*50,000* प्रति माह से अधिक नहीं हो सकता।

नकद की सुपुर्दगी किए जाने के बाद, एजेंट दी गई राशि के समतुल्य राशि के लिए पैसा डालने (लोड करने) का अनुरोध शुरू करेगा और डाली गई धनराशि ग्राहक के प्रीपेड खाते में धनी पे कैश शेष के अंतर्गत जमा हो जाएगी।

**ग्राहक को धनी पे प्रीपेड खाते में लोड (डाली गई) धनराशि के लिए एसएमएस/ईमेल द्वारा सूचना प्राप्त होगी**

## धनी पे वाउचर:

ऐसे वाउचर विभिन्न प्रकार में जारी किए जा सकते हैं जिनमें भोजन वाउचर, ईंधन वाउचर, रिचार्ज वाउचर, धनी पे ट्रीट्स आदि सम्मिलित हैं, जिनमें प्रत्येक प्रकार के वाउचर का उपयो ग कुछ व्यापारियों और / या व्यापारि ियों की श्रेणी तक प्रतिबंधित है। ऐसे वाउचर अहस्तांतरणीय हैं, पुनः लोड न किए जा सकने वाले होते

हैं और इनकी वैद्यता तिथि होती है और इन्हें प्रत्येक वाउचर पर उल्लिखित वैद्यता तिथि में उपयोग कर लिया जाना चाहिए। अधिकतर मामलों में, धनी पे वाउचर उपयोग कर किए गए लेनदनों के लिए धन-वापसि‍ियों को उसी धनी पे वाउचर शेष में जोड़ दिया जाता है। वैधता अवधि के भीतर उपयोग नहीं किया गया धनी पे वाउचर, व्यपगत हो जाएगा।

**विभिन्न प्रकार के वाउचर नीचे दिए गए अनुसार हैं:**

- रिचार्ज वाउचर गैर-हस्तांतरणीय वाउचर होते हैं जिन्हें केवल धनी पे मोबाइल ऐप पर किए जा सकने वाले रिचार्ज/बिल भुगतानों के लिए ही उपयोग किया जा सकता है। ये वाउचर निम्नलिखि‍ित के द्वारा वितरित किए जा सकते हैं -
  व्यापारी/कॉरपॅरेट
- भोजन वाउचर गैर-हस्तांतरणीय वाउचर होते हैं जिन्हें भोजन के अंतर्गत वर्गीकृत किए गए चयनित व्यापारि यों पर उपयोग किया जा सकता है। ये वाउचर व्यापारियों और कारपोरेट कंपनियों द्वारा वितरित किए जाते हैं।
- ईंधन वाउचर गैर-हस्तांतरणीय वाउचर होते हैं जिन्हें केवल प्राधिकृत ईंधन स्टेशनों पर उपयोग किया जा सकता है। ये वाउचर व्यापारि यों और कारपोरेट कंपनियों द्वारा वितरित किए जाते हैं।
- उपहार/ प्रचार/ व्यापारी वाउचर व्यापारियों/कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा जारी किए जाने

वाले अहस्तांतरणीय वाउचर होते हैं जिन्हें वाउचर में इंगित किए गए या जब उपयोगकर्ता संबंधित व्यापारी को धनी पे प्रीपेड खाते के माध्यम से भुगतान करते हैं तो ऑनलाइन दर्शाए जाने वाले कुछ व्यापारिक स्थानों पर उपयोग किया जा सकता है।

वाउचरों के मोचन के लिए अतिरिक्त नियम एवं शर्तें:

उपयोगकर्ता के लिए प्रचलित लेनदेन सीमाओं के अधीन वाउचर क्रेडिट किए जाएँगे।

- अतिरिक्त नियम एवं शर्तें
  - वाउचर वितरित करने वाले व्यापारी/ कॉर्पोरेट कम्पनियों से उपहार और प्रोमो वाउचर के मोचन के लिए व्यापारी/ कॉर्पोरेट कम्पनियों की उपयोग की शर्तें लागू होंगी।
  - ट्रांसर्व वाउचरों के गैर-उपयोग, प्रतिस्थापन या पुनर्निर्गमन के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।
  - वाउचरों का उपयोग वाउचर की वैधता/ समाप्ति अवधि के अधीन होगा।
  - ट्रांसर्व समय-समय पर वाउचर विकल्पों को जोड़ सकती या बंद कर सकती है।

# धनी पे प्रीपेड खाते का उपयोग करके भुगतान करना

## खाते से व्यापारी को किए जाने वाले भुगतान

- ग्राहक व्यापारियों को व्यापारी द्वारा प्रदान की जाने वाली कुछ वस्तु या सेवाओं के बदले में भुगतान करने का विकल्प चुन सकता है।
  ग्राहकों के लिए समय-समय पर ऐसे व्यापारियों की सूची प्रकाशित की जाएगी जिनके साथ ट्रांसवर्स का सीधा गठबंधन है। व्यापारियों की ऐसी सूची को समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है और और ट्रांसर्व व्यापारियों की सूची में परिवर्तन के विषय में ग्राहकों को सूचना देने का दायित्व नहीं लेती है।
- रुपे, वीजा या मास्टर कार्ड जैसे कार्ड नेटवर्कों के साथ संबद्ध धनी पे कार्ड के उपयोग के लिए, संबंधित कार्ड नेटवर्कों के अंतर्गत जारी किए गए कार्डों को स्वीकार करने वाले ऑनलाइन या भौतिक व्यापारियों पर इस प्रकार के धनी पे कार्ड को स्वीकार किया जाएगा।
- यदि ग्राहक, व्यापारी द्वारा प्रदान की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं से किसी भी कारण से संतुष्ट नहीं है तो हम यह अनुशंसा करते हैं कि ग्राहक इस मामले को संबंधित व्यापारी के पास रिपोर्ट करे। कृपया ध्यान दीजिए कि हम व्यापारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं के लिए जिम्मेदार नहीं हैं और उसके विषय में व्यापारी और ग्राहक के बीच होने वाले किसी विवाद में शामिल नहीं हो सकते।

# खाते से बैंक में अंतरण

ग्राहक तीन की संख्या तक लाभार्थियों को जोड़ सकता है *(*धनी पे प्रीपेड खाते के साथ एक बैंक खाता*)* और उसके बाद इस खाते मेंक लागू अंतरण सीमाओं और शुल्को के अधीन धन अंतरण कर सकता है। ग्राहकब किसी लाभार्थी को पंजीकृत करने के दिनांक और समय से *30* मिनट की शीतलन अवधि के बाद ही निधि अंतरण कर सकता है।

केवल ई-केवाईसी ग्राहक और पूर्ण केवाईसी ग्राहक ही अपने बैंक खाते में निधि अंतरण कर सकते हैं। बैंक अंतरणों पर नीचे दी गई शुल्क तालिका के विवरणों के अनुसार लेनदेन शुल्क प्रभारित किया जाएगा। इस शुल्क को समय-समय पर परिवर्तित किया जा सकता है।

लेन देन की अधिकतम सीमा ₹*5000* है।

- लेनदेन करते समय, लगाया जाने वाला शुल्क ग्राहक को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रीपेड खाते में से की गई कटौती बैंक को अंतरित की गई धनराशि और लगाए गए शुल्क का कुल योग होगी।
- शुल्क का न्यूनतम मूल्य तक सन्निकटन किया जाएगा।

- लेनदेन की वापसी होने के मामले में कटौती की गई संपूर्ण धनराशि की वापसी की जाएगी।

गलत लाभार्थी/ बैंक खाते में अंतरण होने के मामले में, धनराशि को वापस करने के लिए ट्रांसर्व जिम्मेदार नहीं होगी।

ग्राहक स्वीकार करता है कि ट्रांसर्व एस्क्रो बैंक के माध्यम से अंतर-बैंकीय कार्यविधियों जैसे कि आइएमपीएस, यूपीआई या एनएफटी का उपयोग कर सकती है। इस प्रकार की कार्य विधियों में अंतर्निहित जटिलता को देखते हुए, हम न तो लक्ष्य बैंक खाते को क्रेडिट करने में लगने वाले समय की गारंटी दे सकते हैं और न ही यह अंतरण की सफलता के बारे में आश्वस्त कर सकता है। ट्रांसर्व अंतरण का आरंभ होने पर अंतरिती *(धन अंतरण करने वाले)* उपयोगकर्ता खाते को तत्काल डेबिट कर देगी। किसी भी प्रकार की धन वापसी केवल तभी की जाएगी जब एस्क्रो बैंक इस विषय में सुनिश्चित हो कि लक्ष्य खाते के द्वारा निधियों को प्राप्त नहीं किया गया है और कभी प्राप्त नहीं किया जाएगा । निधियों का अंतरण करने वाला ग्राहक निधियों को प्राप्त करने वाले व्यक्ति की सटीक सूचना देने के लिए पूर्णतया जिम्मेदार है। ट्रांसर्व लाभार्थी के खाते की पहचान के लिए निर्दिष्ट खाते को पहचानने संबंधी डेटा और अन्य कोड में होने वाली किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। ग्राहक यह स्वीकार करेगा की ट्रांसर्व के पास अंतरण के अभीष्ट प्राप्तकर्ता को सत्यापित करने के लिए कोई जानकारी नहीं है और ग्राहक अंतरणकर्ता द्वारा इस प्रकार के अंतरण से उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की कानूनी या वित्तीय देयता से सुरक्षि‍त रहेगा।

# खाते से खाते में अंतरण।

धनी पे प्रीपेड खाते में धन भेजने की सुविधा का उपयोग दोस्तों, परिवार या किसी भी व्यक्ति को पैसे भेजने के लिए किया जाता है। इसी प्रकार, धन के लिए अनुरोध करने की सुविधा का उपयोग दोस्तों, परिवार या किसी भी व्यक्ति से पैसे के लिए अनुरोध करने के लिए किया जाता है। पैसे प्राप्त करने वाले या पैसे के लिए अनुरोध करने वाले व्यक्ति को यह कार्रवाई शुरू करने के लिए लॉगिन करना चाहिए। यदि प्राप्तकर्ता धनी पे प्रीपेड खाते के उपयोगकर्ता नहीं है तो उन्हें सूचना प्राप्त होने के बाद एप्लिकेशन डाउनलोड करने की आवश्यकता होगी।

**धनी पे प्रीपेड खाते पर निधियों को भेजने/प्राप्त करने हेतु शर्तें** *:*

- यह सेवा केवल धनी पे प्रीपेड खाते के वर्तमान उपयोगकर्ताओं के लिए ही उपलब्ध है।
- अधिकतम लेनदेन राशि ₹*5000* है।
- प्रेषक के पास प्राप्तकर्ता के प्रीपेड खाते में अंतरण आरंभ करने में सक्षम होने के लिए निधियाँ अवश्य उपलब्ध होनी चाहिए।
- इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए  वर्तमान धनी पे प्रीपेड खाता उपयोगकर्ता से निधियों का अंतरण प्राप्त करने के लिए प्राप्त कर्ता को धनी पे प्रीपेड खाता के लिए पंजीकरण अवश्य करना

होगा। गलत प्रीपेड खाता धारक को अंतरण होने की घटना में, ट्रांसर्व धनराशि की वापसी करवाने के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। आरबीआई या किसी अन्य विनियामक निकाय द्वारा जारी विभिन्न मानदंडों, नियमों, विनियमों, कानूनों और संविधियों एवं साथ ही साथ ट्रांसर्व और साझेदार बैंक के विवेक के अधीन आता है।

**अंतरण की वैधता**

- आप धनी पे प्रीपेड खाते से निम्नलिखित *(*पात्र अंतरितियों*)* के अतिरिक्त किसी भी अन्य व्यक्ति के धनी पे प्रीपेड खाते में निधियों का अंतरण न करने के विषय में सहमति व्यक्त करते हैं
  - वे व्यक्ति जो पहले से उपयोगकर्ता है *;* या
  - वे व्यक्ति जो उपयोगकर्ता नहीं है लेकिन जो धनी पे सेवाओं के खाते या धनी पे प्रीपेड खाता धारण करने के पात्र हैं।
- हम केवल आपके प्रतिनिधित्व पर निर्भर रहते हैं, और यदि निधियों को ऐसे व्यक्तियों को अंतरित कर दिया जाता है जो पात्र अंतरिती नहीं है तो इस घटना में हम कोई जिम्मेदारी वहन नहीं करेंगे।
- यदि हमारे पास यह विश्वास करने का तर्क विद्यमान है कि आपने निधियों को ऐसे

व्यक्तियों को अंतरित किया जो पात्र अंतरिती नहीं थे तो हम आपके खाते और जिस व्यक्ति के खाते में आपने निधियों का अंतरण किया है उसके खाते को, तत्काल प्रभाव से बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

- यदि अंतरण अन्य धनी पे प्रीपेड खाता धारक को किया जाता है तो, आपके धनी पे प्रीपेड खाते में विद्यमान धनराशि आपके द्वारा निर्दिष्ट किए गए रूप में, आपके खाते से प्राप्तकर्ता के खाते में तत्काल अंतरित हो जाएगी। लेकिन, यदि प्राप्तकर्ता ने आरबीआई या किसी अन्य विनिया मक निकाय द्वारा जारी विभिन्न मानदंडों, नियमों, विनियमों, कानूनों या संविधियों या ट्रांसर्व द्वारा अधिरोपित सीमाओं में से किसी को भी पहले से ही रिक्त कर दिया है तो अंतरण को निष्पादित नहीं किया जाएगा और आपके धनी पे प्रीपेड खाते में विद्यमान धनराशि आपके खाते में बनी रहेगी।

  यदि गलती से किसी गलत उपयोगकर्ता को अंतरण कर दिया जाता है तो आपके पास केवल जिसे आपने धनराशि का अंतरण कर दिया उस उपयोगकर्ता से संपर्क करने और धनराशि को वापस करने का निवेदन करने का विकल्प रहेगा।

  ट्रांसर्व खाते में धनराशि वापस करवाने के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।

- यदि गैर -धनी पे प्रीपेड खाता धारक को अंतरण कर दिया जाता है, तो आपके धनी पे प्रीपेड खाते में विद्यमान धनराशियाँ, आपके द्वारा निर्दिष्ट रूप में , आपके खाते से प्राप्तकर्ता के खाते में तत्काल अंतरित कर दी जाएँगी। लेकिन, अपने अपने नवनिर्मित धनी पे प्रीपेड खाते का संचालन करने की अनुमति प्राप्त करने से पूर्व अपनी पहचान को सत्यापित करने के लिए प्राप्तकर्ता को ट्रांसर्व के प्लेटफार्म पर आने की आवश्यकता

होगी। यदि गैर - धनी पे प्रीपेड खाता धारक निर्धारित अवधि में अपने आप को सत्यापित नहीं करता है तो वे धनराशियाँ लौट कर आपके खाते में आ जाएंगी।

## बिल भुगतान और प्रीपेड रिचार्ज

### बिल भुगतान

हमार वर्तमान बिल भुगतान सेवाओं में दूरसंचार, डीटीएच बिल, बिजली, गैस आदि सम्मिलित हैं और हम अनुमत बिल भुगतान श्रेणियों और व्यक्तिगत बिलकर्ताओं की सूची को लगातार विस्तारित कर रहे हैं। ग्राहक धनी पे मोबाइल एप्लीकेशन से बिलकर्ताओं को देख/ चुन सकते हैं। ट्रांसर्व इसकी कोई जिम्मेदारी नहीं लेता और यदि यह निम्नलिखित परिस्थितियों में भुगतान दिनांक पर कोई भुगतान अनुदेश प्रभावी करने में सफल नहीं होता है तो इसका कोई दायित्व नहीं होगा:

- यदि आपके द्वारा जारी किया गया भुगतान अनुदेश अपूर्ण, अमान्य और विलम्बित है।
- यदि प्रीपेड खाते में भुगतान अनुदेश में किए गए उल्लेख के अनुसार धनराशि को कवर करने के लिए निधि अपर्याप्त है।
- यदि प्रीपेड खाते में उपलब्ध निधियाँ किसी वि◌वाद या प्रभार के अधीन हैं।
- यदि बिलकर्ता द्वारा प्राप्ति पर भुगतान को संसाधित नहीं किया जाता है।

- ट्रांसर्व के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियां *(including, but not limited to,* आग, बाढ़, प्राकृतिक आपदएँ, बैंक हड़तालें, विद्युत आपूर्ति बाधित होना, प्रणालियों की विफलता जैसे कि अप्रत्याशित कारणों या बाहरी बलों के से हस्तक्षेप से कंप्यूटर और टेलीफोन लाइनें खराब हो जाना इत्यादि*)*।

यदि किसी कारण से बिल भुगतान प्रभावी नहीं होता है तो आपको विफल भुगतान के विषय में ई-मेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त,

- हो सकता है कि आंशिक भुगतान की अनुमति न हो
- हो सकता है कि अतिरिक्त भुगतान की अनुमति न हो

- जहां भी अनुमति होगी, देय तिथि के बाद किया जाने वाला भुगतान, बिल के अनुसार लागू विलंब शुल्क के साथ किया जाना चाहिए।)
- बिल के भुगतानों के लिए बिल की सही राशि दर्ज करना ग्राहक की जिम्मेदारी है (भले ही इसके साथ में विलंब शुल्क सम्मिलित हो)।

**प्रीपेड रिचार्ज**

- ग्राहक प्रीपेड मोबाइल नंबर और अनुरोधि्त प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज की वांछित धनराशि के विवरणों को सही रूप से दर्ज करने के लिए जिम्मेदा र होगा। किसी भी मामले में ट्रांसर्व को ग्राहक द्वारा प्रीपेड मोबाइल नंबर, ऑपरेटर, सर्किल और/या पेड मोबाइल रिचार्ज अनुरोध की धनराशि के गलत विवरण दर्ज करने से संबंधित होने वाले गलत लेनदेनों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा।
- ट्रांसर्व समय-समय पर प्रत्येक प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज अनुरोध के लिए न्यूनतम और अधिकतम लेनदेनों को निर्दिष्ट करेगा और इसे ऐसे विनिर्देशों को पूरा न करने वाले किसी भी प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज अनुरोध को स्वीकार ने करने की स्वतंत्रता होगी।
- ट्रांसर्व ने प्रीपेड मोबाइल/ डीटीएच रिचार्ज सक्षम करने के लिए समूहक (एग्रीगेटर) के साथ में गठबंधन किया है। ट्रांसर्व ऐसे अनुरो धों के संबंध में समूहक (एग्रीगेटर) के रिचार्ज या सेवा स्तर के संबंध में कोई अभ्यावेदन, वारंटी या उपक्रम नहीं करता है।
- ग्राहक को रिचार्ज शुरू करने से पहले संबंधित ऑपरेटर से वैधता या टॉक-टाइम सीमा की

पुष्टि करने की आवश्यकता है।

- ग्राहक मोबाइल ऑपरेटर और रिचार्ज राशि के चयन के लिए पूर्णतया जिम्मेदार है। ट्रांसर्व रिचार्ज के विरुद्ध दिए गए टॉक-टाइम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा क्योंकि यह विशुद्ध रूप से मोबाइल ऑपरेटर पर निर्भर है।
- ग्राहक का प्रीपेड खाता प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज के लिए प्रयोज्य कुल राशि के लिए डेबिट किया जाएगा।

## सामाजिक उपहार

धनी पे सेवाएँ सामाजिक उपहार देने की सुविधा प्रदान करती हैं जिससे ग्राहक धनी पे प्रीपेड खाते पर उपलब्ध विशिष्ट कूपन या वाउचर को अपने सामाजिक सर्किल में उपहार स्वरूप प्रदान कर सकते हैं। ग्राहकों को परामर्श दिया जाता है कि ऐसे प्रत्येक कूपन को खरीदने और उपहार स्वरूप प्रदान करने से पहले वे इनमें से प्रत्येक से संबंधित विवरणों को समझ लें। यह समझना होगा कि ट्रांसर्व कूपन केविरुद्ध प्राप्त की जा सकने वाली वस्तुओं/सेवाओं का अंतिम विक्रे ता/व्यापारी नहीं है। ट्रांसर्व केवल कूपन सेवाओं को जारी करने वाला है और प्रदान की जाने वाली सेवाओं की वारंटी या गारंटी देने वाला नहीं है। हमारे द्वारा आपको जारी किए जाने वाले कूपन इस प्रकार केआउटलेट और व्यापारियों द्वारा अनुबंध का किसी भी प्रकार का उल्लंघन किए जाने केविषय में उत्पन्न होने वाली परिस्थिति की जिम्मेदारी लिए बिना बेचा जाते हैं। गुणवत्ता, प्रदान की गई मिनट, लागत, समाप्ति अवधि केविषय में किसी भी पर्‌कार केविवाद, या खरीदे गए उपहार की अन्य शर्तें अनिवार्य रूप से उपहार केग्‌राहक और इस पर्‌कार केआउटलेट या व्‌यापारी केबीच सीधे पर्‌बंधित किए जाने चाहिए।

# यात्रा

## बस टिकट आरक्षण

## प्रभावी होने की तिथि: 1 नवंबर 2019

ये नियम और शर्तें ("नियम") 'वन धनी' ("प्लेटफ़ॉर्म") ब्रांड नाम के तहत TranServ प्राइवेट लिमिटेड (TranServ) के स्वामित्व में, प्रबंधित और संचालित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से बुक / आरक्षित बस टिकटों पर लागू होती हैं। संदेह से बचने के लिए, इसके द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि प्लेटफ़ॉर्म स्वयं के द्वारा कोई भी सेवा प्रदान करने में संलग्न नहीं है, बल्कि यह मात्र एक प्लेटफ़ॉर्म भर है, जो बस ऑपरेटरों को बस यात्रियों से जोड़ता है।

इस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने के द्वारा और बस टिकट आरक्षण सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सहमत होने के द्वारा, आप इन शर्तों से अपनी स्वीकृति प्रकट करते/करती हैं। इन शर्तों से सहमत होने के द्वारा, आप समय-समय पर संशोधित ट्रान्सर्व की गोपनीयता नीति से भी सहमति प्रदर्शित करते/करती हैं। यदि आप शर्तों से सहमत नहीं हैं, तो कृपया प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग न करें। इन शर्तों में परिवर्तनों को पोस्ट करने के बाद आप के द्वारा प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग जारी रखना उन परिवर्तनों की आप के द्वारा स्वीकृति प्रकट करना माना जाएगा। आप पुष्टि करते/करती हैं कि (i) आपकी आयु कम से कम 18 वर्ष है; (ii) आपके पास बाध्यकारी कानूनी दायित्व वहन करने का कानूनी अधिकार है; (iii) आप इस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग शर्तों के अनुसार करेंगे/करेंगी; (iv) आप इस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग केवल अपने लिए या किसी अन्य ऐसे व्यक्ति के लिए, जिसके लिए आप कानूनी रूप से कार्य करने के लिए अधिकृत हैं, वैध आरक्षण करने के लिए करेंगे/करेंगी; (v) आप ऐसे अन्य लोगों को उन नियमों और शर्तों के बारे में सूचित करेंगे/करेंगी जो आपके द्वारा किए गए आरक्षणों पर लागू होते हैं, जिसमें सभी लागू नियम और प्रतिबंध शामिल हैं; (vi) इस प्लेटफ़ॉर्म पर आपके द्वारा दी गई सभी जानकारी सही, सटीक, वर्तमान और पूर्ण है। TranServ

प्लेटफ़ॉर्म और प्रदान की जाने वाली सेवाओं तक पहुँच से किसी भी व्यक्ति को किसी भी समय और किसी भी कारण से, जिसमें शर्तों का उल्लंघन शामिल है लेकिन इतने तक ही सीमित नहीं है, वंचित करने का अपना एकमात्र और संपूर्ण विवेकाधिकार सुरक्षित रखता है।

ट्रांसर्व किसी भी समय, इन शर्तों को संशोधित, परिवर्तित या अपडेट करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। TranServ आपके पंजीकरण के समय दर्ज किए गए इमेल पते पर या प्लेटफ़ॉर्म पर प्रकाशित सूचना द्वारा ऐसे परिवर्तनों के बारे में आपको सूचित करेगा।

1. प्लेटफ़ॉर्म:

ट्रान्सर्व इसके द्वारा निम्नलिखित बताता है:
1.1. प्लेटफ़ॉर्म एक बाज़ार है, जो उन ऑपरेटरों की सूची को मात्र सूचीबद्ध करता है जो प्लेटफ़ॉर्म में पंजीकृत हैं, लेकिन यह सेवाओं का स्वामी नहीं है या बसों का संचालन नहीं करता है या बस परिवहन सेवाएं प्रदान नहीं करता है। इसलिए, प्लेटफ़ॉर्म की भूमिका सिर्फ आपको बस ऑपरेटर से जोड़ने तक ही सीमित है।
1.2. प्लेटफार्म आसान भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए क्रेडिट / पात्र TranServ उपयोगकर्ताओं को लोन द्वारा या नेट-बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान गेटवे द्वारा पूरित वालेट द्वारा संचालित बुकिंग सेवाएं प्रदान करता है।

2. ट्रान्सर्व की जिम्मेदारियां

2.1. ट्रान्सर्व निम्नलिखित गतिविधियों के लिए जिम्मेदार होगा:
a) एक वैध टिकट जारी करना (एक टिकट जिसे बस ऑपरेटर द्वारा स्वीकार किया

जाएगा); और
b) संबंधित बस ऑपरेटर के टिकट रद्द करने और भुगतान वापसी नीति के अधीन ग्राहकों से टिकट रद्द करने के अनुरोध को संसाधित करना। रद्दीकरण शुल्क प्रत्येक बस ऑपरेटर के लिए भिन्न हो सकता है।

2.2. ट्रान्सर्व को निम्नलिखित गतिविधियों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा:
a) बस ऑपरेटर की बस का प्रस्थान / आगमन समय पर नहीं होना;
b) बस ऑपरेटर के कर्मचारियों का गैर-जिम्मेदार होना या गैर-कानूनी आचरण में लिप्त होना;
c) बस ऑपरेटर के बस की सीटें, आदि, का ग्राहक की अपेक्षा के अनुरूप नहीं होना;
d) बस ऑपरेटर द्वारा किसी भी कारण से यात्रा को रद्द करना;
e) ग्राहक का सामान गुम / चोरी / क्षतिग्रस्त होना;
f) निम्नलिखित में से किसी भी यात्री को समायोजित करने के लिए बस ऑपरेटर द्वारा ग्राहक की सीट बदलना: बुजुर्ग नागरिक, बच्चे, गर्भवती महिलाएं, विकलांग व्यक्ति या किसी अन्य व्यक्ति का आपातकालीन स्थिति में होना;
g) ग्राहक द्वारा गलत बोर्डिंग पॉइंट पर प्रतीक्षा करना (उस विशेष बस या रूट पर नियमित यात्री नहीं होने की स्थिति में परिवर्तित सटीक बोर्डिंग पॉइंट का पता लगाने के लिए कृपया बस ऑपरेटर को कॉल करें);
h) बस ऑपरेटर द्वारा बोर्डिंग पॉइंट और / या ग्राहकों को बस प्रस्थान बिंदु तक ले जाने के लिए बोर्डिंग पॉइंट पर पिक-अप वाहन का उपयोग परिवर्तित करना।

3. आपकी जिम्मेदारियाँ और दायित्व

3.1. आप समझते हैं और सहमत हैं कि प्लेटफ़ॉर्म पर बस ऑपरेटर द्वारा सूचीबद्ध और / या बिक्री के लिए प्रस्तावित बस टिकटों का किराया पूरी तरह से संबंधित बस ऑपरेटर द्वारा निर्धारित किया जाता है, और प्लेटफ़ॉर्म पर सूचीबद्ध टिकटों के किराए पर

ट्रान्सर्व का कोई नियंत्रण नहीं है। ऐसी किसी स्थिति में, जबकि टिकट का न्यूनतम और / या अधिकतम किराया, किसी भी कानून और / या किसी भी नियामक प्राधिकरण / ट्रिब्यूनल / कोर्ट के किसी भी आदेश या निर्णय का उल्लंघन करता हो, तो इस तरह के किराए का कानून / आदेश / निर्णय के अनुपालन में होना सुनिश्चित करना, एकमात्र संबंधित बस ऑपरेटर की जिम्मेदारी होगी, और कानून / आदेश / निर्णय के ऐसे उल्लंघन के लिए ट्रान्सर्व किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

3.2. उपरोक्त के प्रकाश में, आप सहमत हैं कि लागू कानूनों के अनुसार प्लेटफ़ॉर्म पर दी जा रही किसी भी सेवा के संबंध में कोई भी दायित्व बस ऑपरेटर का होगा ट्रान्सर्व की नहीं। सेवा में किसी भी कमी के मामले में, आप सहमत हैं कि सेवा में ऐसी कमी के खिलाफ की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को बस ऑपरेटर के खिलाफ आगे बढ़ाया जाएगा, ट्रान्सर्व के खिलाफ नहीं।

3.3. इसके अलावा आप इस बात से भी सहमत हैं और स्वीकार करते हैं कि ट्रान्सर्व केवल एक सुविधा प्रदाता है और प्लेटफ़ॉर्म पर होने वाले किसी भी लेनदेन को नियंत्रित नहीं करता है या किसी भी तरह से उसमें एक पार्टी नहीं है। तदनुसार, प्लेटफ़ॉर्म पर सेवाओं की बिक्री का अनुबंध पूरी तरह से आप और प्लेटफ़ॉर्म पर सूचीबद्ध बस ऑपरेटरों के बीच द्विपक्षी अनुबंध होगा।

3.4. प्लेटफ़ॉर्म पर बस की टिकटों की बुकिंग / रिज़र्वेशन कराने या अपने टिकट खरीद की पुष्टि करने से पहले, आपकी यात्रा की तारीख, समय और गंतव्य का सही होना सुनिश्चित करने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं।

3.5. निर्धारित बोर्डिंग बिंदु पर प्रस्थान समय से पर्याप्त पहले पहुँचने के लिए पूरी तरह से आप जिम्मेदार हैं।  यदि आप बस के प्रस्थान के समय तक बस में चढ़ने में विफल रहते हैं तो हम उत्तरदायी नहीं होंगे।

3.6. आप संबंधित बस ऑपरेटर की कैरिज नीति का पालन करने के लिए भी सहमत हैं। इसके अलावा, बस ऑपरेटर द्वारा गाड़ी के संचालन से इनकार के कारण उत्पन्न आपको हो सकने वाले परिणामी या आकस्मिक हानि, क्षति, लागत, या शुल्क के लिए हम उत्तरदायी नहीं होंगे।

3.7. टिकट (टिकट या मोबाइल एप्लीकेशन के माई बुकिंग सेक्शन पर उपलब्ध प्लेटफ़ॉर्म के बुकिंग पृष्ठ का प्रिंटआउट) के साथ सरकार द्वारा जारी मान्य और आवश्यक व्यक्तिगत पहचान दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट, पैन कार्ड या आधार कार्ड प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह से आप जिम्मेदार हैं।

3.8. आप इस बात से भी सहमत हैं और स्वीकार करते हैं कि यदि तकनीकी कारणों से या आपके द्वारा प्रदान किए गए गलत ई मेल आईडी / फोन नंबर के परिणामस्वरूप, कोई बुकिंग पुष्टिकरण ई मेल और एसएमएस प्राप्त होने में देरी हो जाती है या यह विफल हो जाता है, तो जब तक यह टिकट प्लेटफ़ॉर्म के पुष्टिकरण पृष्ठ पर दिखाई देता है, तब तक उसे 'बुक किया हुआ' माना जाएगा।

3.9. आप इस बात से भी सहमत हैं और स्वीकार करते हैं कि प्लेटफ़ॉर्म पर दिखाई गई बसों की सुविधाओं को बस सेवा प्रदाता (बस ऑपरेटर) द्वारा कॉन्फ़िगर और प्रदान किया गया है। जब तक कि कुछ दिनों में कोई अपवाद नहीं होता है, ये सुविधाएं प्रदान की जाती रहेंगी। कृपया ध्यान दें कि TranServ यात्रियों को यह जानकारी एक अच्छी भावना से उन्हें एक सूचित निर्णय लेने में मदद करने के लिए प्रदान करता है। बसों में TranServ के यात्रा भागीदारों द्वारा उल्लिखित वीडियो, एयर कंडीशनिंग और ऐसी अन्य सेवाओं का प्रावधान करना उनकी स्वयं की जिम्मेदारी है। इन सेवाओं के कार्यशील न होने या अनुपलब्धता के कारण किसी भी रिफंड / दावों को बस सेवा प्रदाता के साथ सीधे निपटाने की जरूरत है।

3.10. आप इस बात से भी सहमत हैं कि बस ऑपरेटर किसी भी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने, रद्द करने और / या देर करने और बसों को अन्य बसों से बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है यदि वे ऐसा करना आवश्यक समझते हैं।

3.11.बारह (12) वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपने लिए टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी और न ही उन्हें यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी, जब तक कि वे एक वयस्क के साथ न हों।

3.12.पांच (5) वर्ष से ऊपर की उम्र के बच्चों को अनिवार्य रूप से टिकट के नियमित

किराए पर बस टिकट प्राप्त करने की आवश्यकता होती है, जब तक कि किसी विशेष बस ऑपरेटर ने अपने नियमों और शर्तों में कुछ अन्य निर्दिष्ट न किया हो।

4. रद्द करने की नीति:

4.1. प्लेटफ़ॉर्म पर की गई प्रत्येक बुकिंग बस ऑपरेटर द्वारा लगाए गए रद्दीकरण शुल्क के अधीन है, जो रद्दीकरण के समय के आधार पर भिन्न-भिन्न हो सकती है।
4.2. बुक किए गए कुछ किराए विशिष्ट बस ऑपरेटर की नीति के अनुसार गैर-वापसी योग्य हो सकते हैं।
4.3. उपयोगकर्ता द्वारा टिकट रद्द करने या बस ऑपरेटर द्वारा बस रद्द करने के मामले में सुविधा शुल्क गैर-वापसी योग्य है।
4.4. रद्दीकरण शुल्क की गणना टिकट के वास्तविक किराए पर की जाती है। यदि टिकट खरीदते समय किसी डिस्काउंट कूपन का उपयोग किया गया है, तो टिकट रद्द होने पर रिफंड राशि की गणना करने के लिए रियायती मूल्य का उपयोग किया जाएगा।
4.5. आपके द्वारा किए गए किसी भी रद्दीकरण के लिए, जिसके लिए धनवापसी पहले से ही संसाधित है और यदि यह पाया जाता है कि आपने उसी पीएनआर / टिकट नंबर के टिकट का सीधे बस ऑपरेटर के साथ उपयोग / परिवर्तन किया है, तो ट्रान्सर्व आपके उस मूल भुगतान मोड को उस राशि के लिए भुगतान जो आपको वापस कर दी गई है डेबिट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5. धन वापसियां

5.1. निरस्तीकरण और धनवापसी अनुरोधों के लिए प्रसंस्करण समय अलग-अलग होता है।
5.2. टिकट पर उल्लिखित धनवापसी नीति सांकेतिक है। रद्दीकरण का वास्तविक शुल्क बस ऑपरेटरों और बस प्रदाताओं द्वारा रद्दीकरण के वास्तविक समय पर

निर्धारित किया जाता है। रद्दीकरण के शुल्कों को नियंत्रित करने में TranServ की कोई भूमिका नहीं है।
5.3. सभी भुगतान वापसियों के लिए आपको ट्रान्सर्व से संपर्क करना होगा, क्योंकि बस ऑपरेटर प्लेटफ़ॉर्म पर बुक किए गए आपके टिकटों का भुगतान वापसी नहीं कर पाएगा।
5.4. भुगतान वापसी प्रक्रिया शुरू करने के लिए बस ऑपरेटर के साथ सीधे किए गए सभी रद्दीकरणों के बारे में ईमेल या फोन द्वारा ट्रान्सर्व को अवगत कराने की आवश्यकता होती है।
5.5. ट्रान्सर्व संबंधित बस ऑपरेटर द्वारा आपके योग्य धनवापसी की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही आपके रद्दीकरण की धन वापसी करेगा। यदि कोई बस ऑपरेटर अपना परिचालन बंद कर देता है, तो बस ऑपरेटर द्वारा यात्री को दिया गया कोई भी भुगतान वापसी को ट्रान्सर्व द्वारा इसके ऑपरेटर से प्राप्त होने के बाद ही संसाधित किया जाएगा।

6. उपस्थित न होना

यदि ग्राहक यात्रा के किसी भी खण्ड में अपनी यात्रा के लिए बोर्ड करने में विफल रहता है, तो बस ऑपरेटर आगे की या वापसी की बस यात्रा के लिए प्रवेश या बोर्डिंग का अधिकार सुरक्षित रखता है। प्रवेश या बोर्डिंग से ऐसे इनकार के लिए ट्रान्सर्व जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा।

7. शासी कानून और न्यायिक अधिकार क्षेत्र:

इन शर्तों को भारत के कानूनों के अनुसार नियंत्रित और लागू किया जाएगा। इन शर्तों के संबंध में या इनसे जुड़े किसी भी विवाद के संबंध में विशेष न्यायिक क्षेत्राधिकार नई दिल्ली में स्थित न्यायालयों को होगा।

8. अस्वीकरण और वारंटियों से नकार

8.1. प्लेटफ़ॉर्म अपनी सेवाएं "जैसा है" और "जब उपलब्ध है" आधार पर प्रदान करता है। प्लेटफ़ॉर्म सेवा में शामिल या इससे सुलभ, चाहे यह व्यक्त रूप में हो या निहित रूप में हो, सेवाओं और सभी जानकारियों, उत्पादों और अन्य सामग्रियों (तृतीय पक्षों की सहित) की किसी भी प्रकार की सभी वारंटियों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है इसमें एक विशेष उद्देश्य और गैर-उल्लंघन के लिए व्यापारिकता, योग्यता की निहित वारंटियां शामिल हैं लेकिन इतने यह तक ही सीमित नहीं है।
8.2. प्लेटफ़ॉर्म ऐसी कोई वारंटी नहीं देता है कि (i) सेवा आपकी आवश्यकताओं को पूरा करेगी, (ii) सेवा निर्बाध, समय बद्ध, सुरक्षित, या त्रुटि रहित होगी, (iii) सेवा के उपयोग से प्राप्त होने वाले परिणाम सटीक या विश्वसनीय होंगे, (iv) सेवा के माध्यम से आपके द्वारा खरीदी गई या प्राप्त की गई किसी भी उत्पाद, सेवाओं, सूचनाओं, या अन्य सामग्रियों की गुणवत्ता आपकी अपेक्षाओं को पूरा करेगी, या (v) तकनीक की किसी भी त्रुटि में सुधार किया जाएगा।

9. अन्य वेब साइटों के लिंक

प्लेटफ़ॉर्म में तृतीय-पक्ष की वेबसाइटों के लिंक शामिल हो सकते हैं जो ट्रान्सर्व के स्वामित्व में या उसके द्वारा नियंत्रित नहीं हैं। ट्रान्सर्व का किसी भी तृतीय-पक्ष की वेबसाइटों की सामग्री, गोपनीयता नीतियों या प्रथाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है, और यह उनकी कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेता है। प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके, आप किसी भी तृतीय-पक्ष की वेबसाइट के उपयोग से उत्पन्न किसी भी और सभी देयता से ट्रान्सर्व को स्पष्ट रूप से मुक्त रखते हैं और ऐसी तृतीय-पक्ष की वेबसाइट, या किसी भी सामग्री, उत्पादों या सेवाओं के लिए ट्रान्सर्व जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा। अन्य तृतीय पक्ष की साइटों द्वारा प्रदान की गई सामग्री, सटीकता, व्यक्त राय और अन्य लिंक किसी भी तरह से ट्रान्सर्व द्वारा सत्यापित, निगरानी किए गए या समर्थन किए गए नहीं हैं। ट्रान्सर्व कोई

वारंटी नहीं देता है, और स्पष्ट रूप से बिना किसी सीमा के, व्यक्त या निहित, सभी वारंटियों को, अस्वीकार करता है, जिसमें अन्य तृतीय पक्ष वेबसाइटों के माध्यम से बेची जाने वाली, या उपलब्ध या विज्ञापित किसी भी जानकारी या सेवा या उत्पाद के संबंध में किसी विशेष उद्देश्य, उपाधि या गैर-उल्लंघन शामिल हैं।

10. सुरक्षा

ट्रान्सर्व द्वारा आप से संग्रीहीत की गई जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए प्लेटफ़ॉर्म / ट्रान्सर्व हर समय उपयुक्त तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपायों को लागू करता है। प्लेटफ़ॉर्म सूचना के अनधिकृत या गैरकानूनी उपयोग या परिवर्तन से बचाव के लिए, और जानकारी को किसी भी आकस्मिक हानि, विनाश, या नुकसान के खिलाफ, कई इलेक्ट्रॉनिक, प्रक्रियात्मक और भौतिक सुरक्षा उपायों का उपयोग करता है। हालांकि, इंटरनेट पर संचरण या इलेक्ट्रॉनिक भंडारण की कोई भी विधि 100% सुरक्षित नहीं है। इसलिए, ट्रान्सर्व इसकी पूर्ण सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकता है। इसके अलावा, अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड की गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आप स्वयं ज़िम्मेदार हैं, और ये क्रेडेंशियल्स किसी तीसरे पक्ष को प्रदान नहीं कर सकते हैं।

11. दायित्व की सीमा

किसी भी स्थिति में ट्रान्सर्व / प्लेटफ़ॉर्म के मालिक या संचालक निकाय,  इसके अधिकारी, निदेशक, कर्मचारी या एजेंट, किसी भी (i) त्रुटियों, गलतियों, या सामग्री की अशुद्धियों, (ii) आप द्वारा प्लेटफ़ॉर्म की पहुँच और उसका उपयोग के परिणामस्वरूप किसी भी प्रकृति की व्यक्तिगत चोट या संपत्ति की क्षति, (iii) ट्रान्सर्व के सुरक्षित सर्वर और / या उसमें संग्रहीत कोई भी और सभी व्यक्तिगत जानकारी और / या वित्तीय जानकारी के किसी भी अनधिकृत पहुँच या उपयोग, (iv) प्लेटफ़ॉर्म से या को संचरण में किसी भी रुकावट या व्यवधान (v)किसी भी बग, वायरस, ट्रोजन हॉर्स, या इसके समान,

जो किसी भी तीसरे पक्ष द्वारा प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से या को संचरित हो सकता है (vi) किसी भी सामग्री में कोई भी त्रुटि या चूक, (vii) उपयोगकर्ता सबमिशन या किसी तीसरे पक्ष का मानहानिकारक, अपमानजनक, या अवैध आचरण, (viii) प्लेटफ़ॉर्म के किसी भी हिस्से की आपके उपयोग, या उपयोग की अक्षमता या प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पोस्ट की गई, ईमेल की गयी, प्रेषित की गयी, या किसी अन्य तरह से उपलब्ध कराई गयी सामग्री के आप के द्वारा उपयोग के परिणामस्वरूप आपको हुए नुकसान या क्षति के लिए, चाहे वह वारंटी पर, अनुबंध पर, अपकृत्य पर, या किसी भी अन्य कानूनी सिद्धांत पर, आधारित हो या नहीं और चाहे ट्रान्सर्व को उस तरह के नुकसान की संभावना के बारे में सलाह दी गयी हो या नहीं, के परिणामस्वरूप, किसी भी अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, विशेष, दंडात्मक या परिणामी नुकसान के लिए आपके प्रति उत्तरदायी नहीं होंगे। दायित्व की पूर्वोक्त सीमा, लागू न्यायिक क्षेत्राधिकार में कानून द्वारा अनुमत पूर्ण सीमा तक लागू होगी।

12. क्षतिपूर्ति

उपयोगकर्ता ट्रान्सर्व (और इसके अधिकारियों, निदेशकों, एजेंटों, सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और कर्मचारियों) को इन शर्तों के उल्लंघन से उत्पन्न या संबंधित, या किसी कानून या किसी तीसरे पक्ष के अधिकार के आप द्वारा उल्लंघन, या आपके द्वारा प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग से संबंधित किसी भी प्रकार या प्रकृति के, प्रत्यक्ष या परोक्ष, किसी भी दावों, कार्रवाईयों, मांगों, वसूली, नुकसानों, क्षतियों, जुर्मानों, दंड या अन्य लागतों या खर्चों से, क्षतिपूरित और हानिरहित रखने के लिए सहमत है, जिसमें वकील की उचित फीस भी शामिल है।

13. ट्रेडमार्क

प्लेटफ़ॉर्म पर प्रदर्शित ट्रेडमार्क, लोगो और सेवा चिह्न ("चिह्न") ट्रान्सर्व की संपत्ति हैं। उपयोगकर्ताओं द्वारा किसी भी उद्देश्य से किसी भी चिह्न का उपयोग करना निषिद्ध है, जिसमें ट्रान्सर्व या ऐसे तीसरे पक्ष जो इन चिह्नों का स्वामी हो सकता है की लिखित अनुमति के बिना वर्ल्ड वाइड वेब पर अन्य पेजों या साइटों पर मेटाटैग के रूप में उपयोग करना शामिल है लेकिन केवल इतने तक ही सीमित नहीं है। इस प्लेटफॉर्म पर या इसके माध्यम से उपलब्ध कोई भी सॉफ्टवेयर प्रोग्राम ("सामग्री") सहित सभी जानकारी और सामग्री कॉपीराइट द्वारा संरक्षित है। उपयोगकर्ताओं द्वारा इस प्लेटफ़ॉर्म पर या इसके माध्यम से उपलब्ध किसी भी सामग्री को, व्यावसायिक या सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए संशोधित करना, कॉपी करना, वितरित करना, प्रसारित करना, प्रदर्शित करना, प्रकाशित करना, बेचना, लाइसेंस देना, व्युत्पन्न कृतियों का निर्माण करना या उपयोग करना प्रतिबंधित है।

14. ग्राहक सहायता

आप हमारे ग्राहक सहायता से संपर्क कर सकते हैं:-
फ़ोन नंबर: 022- 6773 7800
ईमेल पता: ping@dhanipay.in

# धनी पे वाउचर उपयोग करके भुगतान करना

वाउचर उपयोग समाप्ति तिथि पर समाप्त हो जाएंगे। आपके धनी पे प्रीपेड खाते की समाप्ति तिथि से *30 (*तीस*)* दिन पहले हम आपको आपके पंजीकृत ईमेल आईडी या पंजीकृत फोन नंबर के माध्यम से सूचना प्रदान करेंगे। उक्त अवधि के बाद, कॉरपोरेट कंपनी के कर्मचारियों को उन तक किसी भी प्रकार की पहुंच प्राप्त नहीं होगी। वाउचर किसी भी परिस्थिति में अहस्तांतरणीय होते हैं ।

## धनी पे कार्ड

धनी पे कार्ड को संचालित करने के लिए, ग्राहक को पूर्ण केवाईसी श्रेणी से संबंधित होना चाहिए। केवल ऐसे ग्राहकों को ही धनी पे कार्ड को अपने धनी पे प्रीपेड खाता से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। धनी पे कार्ड भौतिक और डिजिटल दोनों रूपों में उपलब्ध हैं।

**धनी पे कार्ड का ऑर्डर कीजिए*:***

ग्राहक पे मोबाइल एप्लीकेशन पर **ऑर्डर** कार्ड अनुभाग से ऑर्डर करके भौतिक कार्ड के लिए ऑर्डर कर सकता है। ग्राहक भौतिक धनी पे कार्ड की डिलीवरी के लिए पूर्ण और सही विवरण प्रदान करेगा। ऑर्डर प्रस्तुत करने पर, धनी पे प्रीपेड खाता शेष से धनी पे कार्ड की लागत को डेबिट कर दिया जाएगा। यदि मामला ऐसे स्थान का है जहां सेवाएं प्रदान नहीं की जा सकती हैं, तो कार्ड के लिए भुगतान की गई धनराशि को धनी पे प्रीपेड खाते में वापस कर दिया जाएगा।
धनी पे मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से डिजिटल *(*वर्चुअल*)* धनी पे कार्ड को सक्रिय किया जा सकता है।

## धनी पे कार्ड सुरक्षा*:*

ग्राहक को निर्दिष्ट किया गया ऐसा डिजिटल कार्ड जिसे ऑनलाइन लेनदेन के लिए उपयोग किया जा सकता है, सुरक्षित टोकन के रूप में संग्रहीत किया जाता है और कार्ड विवरण केवल ग्राहक द्वारा बनाई गए धनी पे पासवर्ड या पिन को दर्ज करने पर उपलब्ध होते हैं।

ग्राहक को भेजे गए भौतिक कार्ड को धनी पे मोबाइल एप्लीकेशन या वेबसाइट पर 'कार्ड सक्रिय करें' अनुभाग के माध्यम से सक्रिय किया जाना होता है। ऑफलाइन लेनदेनों को सक्षम करने के लिए ग्राहक चार अंकीय पिन निर्मित करेगा।

ग्राहक अपने धनी पे प्रीपेड खाते से केवल एक सक्रिय धनी पे कार्ड संबंद्ध रख सकता है। धनी पे कार्ड कार्ड खो जाने या नष्ट हो जाने के मामले में ग्राहक द्वारा ग्राहक सहायता टीम से संपर्क किया जाएगा और करेगा भविष्य के लेनदेनों के लिए कार्ड/प्रीपेड खाते को अवरुद्ध कराएगा

ग्राहक धनी पे कार्ड का उपयोग करके किए जाने वाले को लेनदेनों को 'चालू' *(टर्न ऑन)* और 'बंद' *(टर्न ऑफ)* कर सकता है।

## धनी पे कार्ड लेनदेन

धनी पे कार्ड का उपयोग किसी भी रुपे/वीज़ा/ मास्टर कार्ड सक्षम ऑनलाइन ऑफलाइन व्यापारियों के लिए लेनदेन करने हेतु किया जा सकता है। धनी पे कार्ड का उपयोग करके किए जाने वाले सभी लेनदेन या तो पिन या ओटीपी दर्ज करके किए जाने वाले अतिरिक्त कारक प्रमाणीकरण के बाद पूरे किए जाते हैं। लेनदेन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर, लेनदेन की तुल्य राशि ग्राहक के धनी पे प्रीपेड खाते से डेबिट हो जाती है।
वर्तमान में, नकद आहरण के लिए धनी पे कार्ड का उपयोग नहीं किया जा सकता

## धनी पे कार्ड सीमाएं

ग्राहक धनी पे प्रीपेड खाते को प्रशासित करने वाले केवाईसी विनियम के अधीन धनी पे प्रीपेड खातों में उपलब्ध धनराशि तक लेनदेन कर सकता है।

ग्राहक के लिए नियत किए गए धनी पे कार्ड की *(i)* प्रति लेनदेन धनराशि, *(ii)* कुल गणना *(*दैनिक*)* और *(iii)* कुल धनराशि *(*दैनिक*)*, के संबंध में पूर्व निर्धारित सीमाएं होती हैं। ग्राहकों द्वारा इन सीमाओं को पुनर्व्यवस्थित किया जा सकता है। ग्राहक अतिरिक्त सत्यापन *(*ओटीपी*)* के बाद ही इन सीमाओं को बढ़ा सकता है। इस प्रकार नियत की गई इन सीमाओं का किसी भी लेनदेन के दौरान उल्लंघन नहीं किया जा सकता।

# अप्रैल *2019* से प्रभावी होकर लगाए जाने वाले शुल्क एवं प्रभार

| **सेवा** | **शुल्क** |
|---|---|
| **खाता निर्माण** | शून्य |
| | |
| **पूर्ण केवाईसी उन्नयन** | ₹. *299** |
| **धनी पे कार्ड के साथ खाता उन्नयन** | ₹. *499 +* लागू वस्तु एवं सेवा कर *(*जीएसटी*) GST (applicable w.e.f. 20th May 2019)* |
| **धनी पे कार्ड** | |
| **नई कार्ड आदेश / कार्ड रिपेलमेंट** | ₹. *100 +* लागू वस्तु एवं सेवा कर *(*जीएसटी*) (applicable w.e.f. 18th February 2020)* |
| **वार्षिक शुल्क ^ *(*दूसरे वर्ष से आगे*)*** | ₹. *50** |
| **कार्ड प्र ति स्था प न** | ₹. *100 +* लागू वस्तु एवं सेवा कर *(*जीएसटी*) (applicable w.e.f. 18th February 2020)* |
| **ईंधन अधिप्रभार** | *1%* या ₹ *10* जो भी उच्च हो या प्रवर्तित दिशा-निर्देशों के अनुसार |
| **प्रीपेड खाते में क्रेडिट लोड करना** लोड की जाने वाली राशि के *1%** तक सुविधा शुल्क़ जो इसके अधीन है- | न्यूनतम रु*. 10/-* और अधिकतम रु*. 99/- (19* सितंबर *2018* से प्रभावी*)* डेबिट कार्ड से लोडिंग करने के लिए छूट प्रदत्त |
| **खाता से खाता अंतरण** | **शून्य** |

| | |
|---|---|
| **खाते से बैंक अंतरण** | *2.75%* या ₹. *10** *(*जो भी अधिक हो*) (3* अक्टूबर *2018* से लागू*)* धन अंतरण के लिए अनुरोध प्रस्तुत करने से पहले कृपया लागू शुल्क की जांच करें। |
| **सोशल गिफ्ट वाउचर** | **शून्य** |
| **प्रीपेड रिचार्ज** | **शून्य** |
| **यूटिलिटी बिल भुगतान** | **शून्य** |
| **खाता परबंधन शुलक** | ₹ 25 * परति तिमाही। यह शुल्क माफ किया जाता है यदि गराहक क्वार्टर में वॉलेट में 1 लेनदेन भी करता है। फीस क्वार्टर के अंतिम दिन लगाई जाएगी |
| **ICFL गराहकों के लिए सुविधा शुल्क #** | इंडियाबुल्स कंज्यूमर फाइनेंस लिमिटेड ("ICFL") द्वारा लिए जा रहे कुल ऋण प्लेटफॉर्म उपयोग शुल्क के 50% के रूप में मल्स`गना जाएगा |

*ऊपर उल्लिखित शुल्क  लागू वस्तु एवं सेवा कर/लागू सरकारी करों सहित हैं जब तक कि विशेष रूप से भिन्न  परकार से उल्लेख नहीं किया गया हो।

शुल्क और प्रभार ट्रांसर्व केएकमात्र विवेकाधिका र पर परिवर्तन केअधीन हैं। ट्रांसर्व आपकेप्रीपेड खाते में उपलब ध धनराशि को किसी भी बकाया मांग की प्रतिपूर्ति करने केलिए उपयोग करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। पर्याप्त धनरायिश की उपलब्धता न होने केमामले में, ट्रांसर्व उपलब्ध धनराशि को डेबिट करने और और धनी पे प्रीपेड खाता और किसी भी संबद्ध कार्ड को बन्द करने का अधिकार सुसरक्षित रखती है।
लागू शुल्क और प्रभारों केविवरण वेबसाइट पर और साथ ही साथ ऐप पर समय-समय पर अपडेट की जाने वाली शुल्क तालिका में अपडेट किए जाएंगे।

^ वार्षिक शुल्क:

- या तो डिजिटल कार्ड या भौतिक कार्ड पर लागू होंगे।
- धनी पे कार्ड के सक्रियण की तारीख से एक वर्ष तक के लिए माफ हैं और दूसरे वर्ष के बाद प्रभारित किए जाएँगे।

# आईसीएफएल गर्‍ाहकों के लिए सुविधा शुल्क:

आप सहमति देते हैं और स्वीकार करते हैं कि ऑफ़र और लाभ पर्‍ाप्त करने और / या धनी पे ऐप में आईसीएफएल से लोन पर्‍ाप्त करने के लिए टर्‍ांसर्व एक बार सुविधा शुल्क (जैसे धानी ऐप पर बताया गया है) लेगा। और यह स्पष्ट किया जाता है कि आईसीएफएल टर्‍ांसर्व की ओर से सुविधा शुल्क वसूल करेगा। यह सुविधा शुल्क लागू करों से अनन्य है। यह सुविधा शुल्क 27 जनवरी, 2020 से लागू होगा।

## धन वापसी और प्रभारों की वापसी

- यदि हमें किसी उपयोगकर्ता से भुगतान को वापस करने या रद्द करने का अनुरोध प्राप्त होता है, तो हम उस अनुरोध को व्यापारी को अग्रेषित करेंगे। जब व्यापारी धन वापस करने या रद्द करने के लिए क अग्रेषित अनुरोध प्राप्त करता है, तो व्यापारी यह निर्धारण करेगा कि क्या धन वापसी या रद्द करने को अनिवार्य रूप से संसाधित किया जाना चाहिए। क्या इन नियम और शर्तों के अनुसार उक्त अनुरोध को अनिवार्य रूप से संसाधित किया जाना चाहिए। जब भी व्यापारी द्वारा ग्राहक को धनवापसी करने पर सहमति व्यक्त की जाती है, तो उसे *15* कार्य दिवसों के भीतर जमा कर दिया जाएगा।
- जहाँ हम निर्धारित करते हैं कि धनवापसी अनुरोध मान्य है, तो हम धनवापसी अनुरोध को स्वीकार करने और अपेक्षित निधियों को आपके धनी पे प्रीपेड खाते में वापस करने का हर संभव उचित प्रयास करेंगे। हम आपके धनवापसी अनुरोध पर यथाशीघ्र अनुक्रिया करने का हर संभव उचित प्रयास करेंगे।
- कृपया ध्यान दें कि हम इस प्रक्रिया में होने वाले ऐसे विलम्बों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे जो ऐसे किसी भी तृतीय पक्ष जैसे कि साझेदार बैंक, बैंकों और व्यापारियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं, जिन पर हम आपकी आपका धनवापसी अनुरोध संसाधित करने के लिए निर्भर रहते हैं।

## धनी पे प्रीपेड खाते की समाप्ति

हम आंतरिक नीति, या आरबीआई विनियमों या अन्य लागू कानूनों में किसी भी परिवर्तन के कारण आपको प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पूर्व सूचना के बिना संशोधित करने, समाप्त करने या निलंबित करने का अधिकार सुरक्षि ित रखते हैं।
आप स्थापित एप्लिकेशन को हटाकर और *ping@dhanipay.in* पर लिखकर सदस्यता समाप्त करने का अनुरोध आरम्भ कर सकते हैं। ग्राहक को अपने खाते में किसी अप्रयुक्त शेष राशि के अंतरण को स्वयं की आरम्भ करना है। कोई अप्रयुक्त शेष राशि अपनी समाप्ति अवधि तक बनी रहेगी।

अपने खाते की समाप्ति से पहले होने वाले सभी लेनदेनों के लिए आप जिंम्मेदार बने रहेंगे।

## धनी पे प्रीपेड खाते की समाप्ति तिथि

- आपक े धनी पे प्रीपेड खातों की न्यूनतम वैधता तीन वर्ष की होगी और आपका धनी पे प्रीपेड खाता निष्क्रिय हो जाने तक मान्य रहेगी।
- न्यूनतम वैधता अवधि के बाद, निष्क्रिय रहने वाले धनी पे प्रीपेड खाते समाप्त हो

जाएंगे। ग्राहक की ओर से कोई लेनदेन शुरू न किए जाने वाले धनी पे प्रीपेड खाते "निष्क्रिय वॉलेट" कहे जाते हैं।

- हम आपके पंजीकृत ईमेल आईडी/पंजीकृत फ़ोन नंबर/ऐप में सूचनाओं के माध्यम से आपके धनी पे प्रीपेड खाते की समाप्ति से *45 (*पैंतालीस*)* दिनों पहले आपको सूचित करेंगे।
- कृपया ध्यान दें कि समाप्ति की तारीख पर , आपका खाता अवरोधित कर दिया जाएगा और आप अपना धनी पे प्रीपेड खाता उपयोग करके कोई लेनदेन नहीं कर पाएँगे।
- यदि आपके समयसीमा समाप्त धनी पे प्रीपेड खाते में कोई शेष राशि थी, तो उस पर आपके धनी पे प्रीपेड खाते की समयसीमा समाप्ति के *3 (*तीन*)* वर्षों के भीतर वापसी के रूप में दावा किया जा सकता है। धनवापसी का दावा करने के लिए, *ping@dhanipay.in* पर लिख भेजें और लागू प्रक्रिया का पालन करें।
- समयसीमा समाप्ति की तारीख से *3 (*तीन*)* वर्षों के बाद दावा न की गई कोई भी शेष राशि व्यपगत हो जाएगी।
- उक्त नियम और शर्तें आरबीआई या किसी अन्य नियामक संस्था द्वारा जारी विभिन्न मानदंडों, नियमों, विनियमों, कानूनों और संविधियों के अनुसार हैं ।

## सेवा अनुरोध

**पिन परिवर्तन*:***

- ग्राहक ऐप से पिन या धनी पे पासवर्ड अद्यतन कर सकते हैं। अद्यतन की पुष्टि करने के लिए एक ओटीपी ट्रिगर किया जाएगा। नए पिन/पासवर्ड के साथ ओटीपी डालकर नया पिन/पासवर्ड सेट किया जा सकता है।

मोबाइल नंबर परिवर्तन***:***

सुरक्षा कारणों से ग्राहक मोबाइल नंबर **परिवर्तनी य नहीं है। हालांकि** उपयोगकर्ता नए मोबाइल नंबर के साथ पंजीकृत हो सकता है और विधिवत सत्यापन कराने के बाद अपने प्रीपेड खाते से नए मोबाइल नंबर के लिए रोकड़ शेष का अंतरण कर सकता है।

**पता परिवर्तन*:***

- ग्राहक ऐप पर प्रोफ़ाइल अनुभाग से पता अद्यतन कर सकता है या ग्राहक रजिस्टर्ड

मोबाइल नंबर के साथ *ping@dhanipay.in* पर प्रक्रिया का पालन करने के लिए लिख सकता है।

खाता सक्रिय/निष्क्रिय करना*:*

- लगातार *6* महीने *(180* दिनों*)* की अवधि तक ग्राहक द्वारा प्रारंभ किया गया कोई डेबिट नहीं होने की स्थिति में ग्राहक खाता *"*निष्क्रिय*"* कर दिया जाएगा । ऐसे खाते को उचित सत्यापन/ सम्यक तत्परता के बाद पुन*:* सक्रिय किया जा सकता है। ट्रांसर्व, अपने विवेकाधिकार पर ग्राहक खाते को सक्रिय करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## ब्राण्ड-सहभागी प्रीपेड साधन*:*

आप एतद्द्वारा स्वीकार करते और सहमति व्यक्त करते हैं कि ट्रांसर्व धनी पे प्रीपेड खाते के लिए ग्राहक की सदस्यता के आधार पर ब्राण्ड-सहभागी प्रीपेड साधन प्रस्तुत करने के प्रयोजन से तृतीय पक्ष कंपनी के साथ गठबंधन कर सकती है। ऐसे में, आप धनी पे प्रीपेड खाते में शेष राशियों को ऐसे अन्य साझेदारों के पर्यावरण *(*मोबाइल ऐप/वेबसाइट*)* के माध्यम से संचालित कर सकते हैं। आप ट्रांसर्व को ऐसे ब्राण्ड-सहभागी प्रीपेड साधनों के संचालनों को सुसाध्य करने के लिए केवाईसी, शेष राशि जानकारी आदि जैसे कुछ वि◌ि◌वरणों को भी साझा करने की अनुमति देते हैं।

ऐसे मामलों में, तीसरे पक्ष के नियम और शर्तें भी ग्राहकों के लिए बाध्यकारी हो जाएंगे।

## ऋणात्मक संतुलन

प्रीपेड खाते में ऐसे मामलों में ऋणात्मक संतुलन हो सकता है जिसमें संबंधित व्यापारी/सेवा प्रदाता की शर्तों के अनुसार अधिभार या शुल्क या ऐसा कोई डेबिट प्रभावी किया गया हो और जिसका सम्मान करने के लिए ट्रांसर्व बाध्य हो । ऐसे में, ट्रांसर्व किसी ऋणात्मक शेष राशि को खाते में बाद में डाली जाने वाली धनराशि से समायोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## निष्क्रियता प्रभार

निष्क्रियता को धनी पे प्रीपेड खाते में ग्राहक द्वारा आरंभ किया गया कोई डेबिट या क्रेडिट लेनदेन न होने के रूप परिभाषित किया जाता है। लगातार *3 (*तीन*)* महीने *(180* दिन*)* तक ग्राहक द्वारा आरंभ किया गया कोई डेबिट या क्रेडिट लेनदेन न होने या समय-समय पर दी गई सूचना के अनुसार ग्राहक निष्क्रियता शुल्क का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। ट्रांसर्व ग्राहक की ओर से अतिरिक्त प्राधिकार प्राप्त करने की आवश्यकता बिना धनी पे प्रीपेड खाता शेष से निष्क्रियता शुल्क की वसूली करने का अधिकार सुरक्षि◌त रखता है। निष्क्रियता शुल्क की वसूली के लिए अपर्याप्त शेष होने राशि के मामले में, ट्रांसर्व धनी पे प्रीपेड खाते में उपलब्ध सम्पूर्ण धनराशि की

वसूली करने का अधिकार सुरक्षि◌त रखता है। ट्रांसर्व इसके अतिरिक्त अपने विवेकाधिकार पर खाता धनी पे प्रीपेड खाते को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षि◌त रखता है।

## लेनदेन विवरण:

- ग्राहक मोबाइल एप से विवरण देख सकता और डाउनलोड कर सकता है।
- इस विवरण में सभी लेनदेनों को शामिल किया जाता है।
- वर्तमान दिनांक से *6* महीने तक सभी लेनदेन ग्राहक के लिए ऐप से डाउनलोड करने हेतु उपलब्ध होते हैं।

  *6* महीने से पहले किए गए लेनदेनों के विवरण के लिए, ग्राहक *ping@dhanipay.in* पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ और वांछित लेनदेन का उल्लेख करते हुए लिख सकता है।

## वेबसाइट और मोबाइल ऐप का उपयोग

आप समझते हैं कि जानकारी के प्रयोजन को छोड़कर, उत्पादों या सेवाओं को स्पष्ट रूप से ट्रांसर्व द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा इंगित किया जाता है, हम किसी सूचनाओं, उत्पाद या सेवाओं को किसी भी प्रकार से संचालित,

नियंत्रित या समर्थि◌त नहीं करते हैं। आप यह भी समझते हैं कि ट्रांसर्व यह गारंटी या वारंटी नहीं दे सकती और देती है कि हमारी वेबसाइट/मोबाइल ऐप के माध्यम से डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध फ़ाइलें या कोई अन्य प्रपत्र वायरस, वर्म या किसी हानिकारक कोड से मुक्त होगा। आप अपनी विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने और डेटा इनपुट और आउटपुट की सटीकता के लिए कार्यान्वयन प्रक्रियाओं हेतु जिम्मेदार हैं।

## ग्राहक संरक्षण

ग्राहकों से धनी पे प्रीपेड खाता /कार्ड से संबंधित पासवर्ड/ पिन आदि जानकारी संभालते समय सावधानी बरतने और ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। डेटा/सूचना संकटग्रस्त होने की संदिग्धता होने के मामले में, ग्राहकों से धनी पे ग्राहक सेवा से संपर्क करने और इस घटना की तुरंत रिपोर्ट करने का परामर्श दिया जाता है। ग्राहक द्वारा असावधानी बरतने के कारण होने वाली हानि के लिए ग्राहक उत्तरदायी होगा, इसमें ग्राहक द्वारा धनी पे प्रीपेड खाता /कार्ड के क्रेडेंशियल्स का किसी तृतीय पक्ष से साथ साझा करना इत्यादि मामले सम्मिलित हैं, धनी पे ग्राहक सेवा टीम को शिकायत दर्ज नहीं किए जाने होने वाली संपूर्ण क्षति ग्राहक द्वारा वहन की जाएगी। अनधिकृत लेनदेनों की रिपोर्ट करने के बाद होने वाली और अधिक क्षति ट्रांसर्व द्वारा वहन की जाएगी।

## ग्राहक के दायित्व और अनुबंध

ग्राहक, इन नियम एवं शर्तों के प्रति अपनी स्वीकार्यता संप्रेषित करके यह स्वीकार करता और सहमति व्यक्त करता है कि:

- धनी पे प्रीपेड खाता आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर से संबद्ध है । ट्रांसर्व मोबाइल नंबर और/या सिम कार्ड के खो जाने/ चोरी हो जाने /गलत जगह पर रख दिए जाने के कारण

धनी पे प्रीपेड खाते के अनधिकृत उपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराई जाएगी, जब तक कि आपने इस प्रकार मोबाइल नंबर और/या सिम कार्ड के खो जाने/ चोरी हो जाने / गलत जगह पर रख दिए जाने के बारे में ग्राहक सहायता केंद्र को सूचना नहीं प्रदान की हो और प्रीपेड खाते को तब तक अस्थायी रूप से अवरोधित नहीं किया हो जब तक कि आप उसी मोबाइल नंबर वाले नए सिम कार्ड का उपयोग करके खाते को पुनः सक्रिय न कर.

- चूंकि खाता आईडी आपके मोबाइल नंबर से जुड़ी हुई है, इसलिए अपने खाता आईडी से संगत मोबाइल नंबर का उपयोग करना बंद करने पर ट्रांसर्व को सूचित करना आपकी जिम्मेदारी है। जिस मोबाइल नंबर से आपने पंजीकरण किया है, वह संबंधित मोबाइल नंबर आपके पास होने तक उससे संगत खाता आईडी तक केवल आप की पहुँच स्थापित कर सकते हैं। यदि और जब आप अपना नंबर बदलें तो अपनी खाता आईडी को नए मोबाइल नंबर पर स्थानांतरित करना आपकी जिम्मेदारी है। ऐसा नहीं करना उसी मोबाइल नंबर वाले नए उपयोगकर्ता को आपके धनी पे प्रीपेड खाता क्रेडिट की शेष राशि तक पहुंच दे सकता है , और ट्रांसर्व उसके लिए जवाबदेह या उत्तरदायी नहीं होगा। अपना मोबाइल फोन, और/या धनी पे प्रीपेड खाता पासवर्ड/पिन खो-जाने के मामले में, आपको तत्काल ट्रांसर्व को सूचित करना चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में ट्रांसर्व की ओर से आपके धनी पे प्रीपेड खाता तक पहुंच अवरोधित करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा; लेकिन, उपर्युक्त के कारण उपयोगकर्ता को हो सकने वाली किसी हानिक के लिए ट्रांसर्व उत्तरदायी नहीं होगा। धनी पे प्रीपेड खाता खाता शेष राशि की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह से

आपकी है।

- ग्राहक सभी लेनदेनों और संबंधित प्रभारों के लिए उत्तरदायी होगा।

  ग्राहक स्वीकार करता है कि उसके अनुरोध और जोखिम पर ट्रांसर्व उसे धनी पे सेवाएँ प्रदान करने के लिए सहमत हुई है और ग्राहक लेनदेनों अपने धनी पे प्रीपेड खाते के उपयोग द्वारा रिकार्ड सभी लेनदेनों की पूरी जिम्मेदारी स्वीकारता है।
- धनी पे प्रीपेड खाते द्वारा दिया गया निर्देश अनुदेश अटल होगा।
- ग्राहक सभी परिस्थिति यों में अपने धनी पे प्रीपेड खाते के उपयोग के लिए सभी परिस्थितियों में पूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार करेगा, चाहे वे उसकी जानकारी या उसके व्यक्त या निहित प्राधिकार से संसाधित किए गए हों या नहीं।
- ग्राहक लेनदेनों के लिए धनी पे प्रीपेड खाते का उपयोग करके उपयोग की गई धनराशियां डेबिट करने के लिए ट्रांसर्व को अटल रूप से अधिकृत करता है।
- ग्राहक ट्रांसर्व से लेनदेन संबंधी संदेशों सहित सभी वाणिज्यिक संदेशों को प्राप्त करने की सहमति व्यक्त करता है।

- ग्राहक लेनदेनों के आधार पर सद्भावनापूर्ण और सामान्य व्यवसाय के क्रम में की गई कार्रवाइयों के लिए ट्रांसर्व को सुरक्षित और हानिरहित बनाए रखेगा।
- ट्रांसर्व लेनदेन सम्पन्न करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों को नियोजित करेगा लेकिन ग्राहक, व्यापारी या किसी अन्य व्यक्ति पर, लेनदेन या निर्देश सम्पन्न करने में उसके विलंब या अक्षमता इत्यादि किसी भी कारण से कोई दायित्व सृजित नहीं करेगा।
- ग्राहक द्वारा बकाया और देय धनराशियाँ, यदि अलग से भुगतान नहीं की जाती हैं, तो ट्रांसर्व द्वारा वसूल कर ली जाएंगी।
- ट्रांसर्व ग्राहक को सूचना दिए बिना एकमात्र अपने विवेकाधिकार पर धनी पे प्रीपेड खाता या विभिन्न धनी पे सेवाओं में से किसी को भी वापस हटा सकता या निलंबित कर सकता है, या उनकी विभिन्न सुविधाओं में से किसी भी का संशोधन कर सकता है।
- ट्रांसर्व को ग्राहक को ऐसी स्थिति में लेनदेन की अनुमति प्रदान न करने का अधिकार होगा जहाँ इसके पास यह विश्वास करने का कारण हो कि धनी पे प्रीपेड खाते का उपयोग अधिकृत नहीं है या लेनदेन वास्तविक प्रतीत नहीं होता है या अस्पष्ट है या इस प्रकार के संदेह उत्पन्न करता है। ट्रांसर्व, एकमात्र अपने विवेकाधिकार पर, ग्राहक को कोई सूचना दिए बिना या कोई कारण निर्दिष्ट किए बिना किसी भी समय धनी पे सेवाओं के विशेषाधिकारों, या धनी पे प्रीपेड खाते को अस्थायी या स्थायी रूप से वापस लेने, और/या धनी पे सेवाओं, धनी पे प्रीपेड खाते को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अस्थाई रूप से हटाए जाने के मामले में, ट्रांसर्व द्वारा उचित समझे जाने पर विशेषाधिकारों को पुन: प्रवर्तित किया जा सकता है। लेकिन, यह प्रत्यक्ष रूप से स्पष्ट किया जाता है कि

हटाए जाने (अस्थायी या स्थायी रूप से) में धनी पे सेवाओं, या धनी पे प्रीपेड खाते, जैसा भी मामला हो, से जुड़े सभी आनुषंगिक लाभों, विशेषाधिकारों का स्वचालित रूप से हटाया जाना सम्मिलित होगा। लेकिन, जब तक कि ट्रांसर्व द्वारा अन्य रूप से निर्दिष्ट न किया गया हो, ग्राहक ऐसी वापसी से पहले धनी पे सेवाओं, या धनी पे प्रीपेड खाते, जैसा भी मामला हो, के उपयोग के लिए सृजित सभी प्रभारों और उन पर लागू अन्य प्रभारों के लिए पूरी तरह से उत्तरदायी बना रहेगा ।

- इन नियमों एवं शर्तों को स्वीकार करके, आप हमें अपनी ओर से निधियों का निपटान करने के लिए अधिकृत करते हैं। जब तक आपका धनी पे प्रीपेड खाता बन्द या समाप्त नहीं कर दिया जाता तब तक आपका प्राधिकार पूर्णतया प्रवर्तित और प्रभावी रहेगा।

## अभिवेदन और विभिन्न वारंटी

ग्राहक हमें अभिवेदित करता और वारंटी देता है कि*:*

- आप न्यूनतम *18 (*अठारह*)* वर्ष की आयु के हैं*;*
- आप धनी पे सेवाओं पर पंजीकृत होने और उनका उपयोग करने के लिए पात्र हैं और आपको इन नियम एवं शर्तों के अंतर्गत अपने दायित्वों को स्वीकार करने और निष्पादित करने का अधिकार, शक्ति और योग्यता है*;*
- इसके अंतर्गत आपके दायित्व कानूनी, वैध, बाध्यकारी और प्रवर्तनीय बाध्यताएं
- निर्मित करते हैं*;* इन नियम एवं शर्तों की स्वीकृति किसी कानून, किसी अनुबंध के प्रावधानों या आप के लिए लागू न्यायालय के आदेश का उल्लंघन नहीं करती है और किसी लागू सरकारी अनुमोदन की आवश्यकता की मांग नहीं करती है*;*
- आप धनी पे सेवाओं को, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी कपटपूर्ण उपक्रम के लिए या ऐसे किसी प्रकार से उपयोग नहीं करेंगे जो धनी पे सेवाएँ प्रदान करने प्रकिया में किसी प्रकार से हस्तक्षेप करता हो*;* और
- आपके द्वारा धनी पे सेवाओं का उपयोग इन नियम एवं शर्तों के अनुपालन करते हुए
-

किया जाएगा। आपके पास इन नियमों और शर्तों के अनुसार निष्पादन करने, सुपुर्दगी करने और क्रियान्वयन करने की अपेक्षित शक्ति और प्राधिकार है और इन नियम एवं शर्तों अनुसार आपके द्वारा विधिवत और वैध रूप से प्राधिकरण, निष्पादन सुपुर्दगी का कार्य किया जाता है;

- आप हमारे या अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ अपने संचार में अभद्र, अशिष्ट नहीं होंगे;
- आप हमारे या अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ अपने संचार में उपद्रवी, आक्रामक, अपमानजनक एवं नस्लीय, जातीय या धार्मिक घृणा फैलाने के लिए जिम्मेदार तथा भेदभावपूर्ण, धमकानेवाले, कुटिल, अपवादजनक, भड़काऊ या निंदात्मक नहीं होंगे;
- आप ऐसा आचरण नहीं करेंगे और/या करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करेंगे जो फौजदारी अपराध माना जाए, दीवानी अपराध के दायित्व को उत्पन्न करता हो, या किसी अन्य प्रकार से कानून के विरुद्ध हो;
- आप तकनीकी रूप से हानिकारक सामग्री (विषय वस्तु) (कंप्यूटर/मोबाइल वायरस, लॉजिक बम, ट्रोजन हॉर्स, वर्म, हानिकारक अवयव, दूषित डेटा, या अन्य दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर या हानिकारक डाटा, या कोई अन्य कोड या फाइल इत्यादि) या किसी सिस्टम, डेटा या व्यक्तिगत जानकारी की कार्यक्षमता की, क्षति करने वाले, हानिकारक रूप से नष्ट करने वाले, सीमित करने वाले, बाधित करने वाले, उनके साथ हस्तक्षेप करने वाले, उनके मूल्य एवं महत्ता को कम करने वाले, चोरी-छिपे अवरोधन करने वाले, या स्वत्वहरण करने वाले अन्य कंप्यूटर प्रोग्रामिंग रूटीन, नहीं फैलाएंगे। आप हमारे लिए देयता उत्पन्न नहीं करेंगे या हमारी साख या व्यापार की हानि (संपूर्ण रूप से आंशिक रूप

से) के कारण नहीं बनेंगे।; और

- हमारे साथ और अन्य उपयोगकर्ता ओं के साथ आपका संचार राजनीतिक प्रचार, अवांछित या अनधिकृत विज्ञापन, प्रचारात्मक की प्रकृति और/या वाणिज्यिक याचना, श्रृंखला पत्र (चेन लैटर) भेजने, पिरामिड योजनाओं, मास मेलिंग (बड़े पैमाने पर पत्र भेजने वाला), और/या "स्पैम" या सानुरोध याचना के किसी अन्य रूप का नहीं होगा।
- धनी पे सेवाओं हेतु पंजीकरण करने निर्माण करने और उपयोग करने के लिए, ट्रांसर्व को आापके द्वारा आपके द्वारा कुछ जानकारी ("व्यक्तिगत जानकारी"), प्रस्तुत किए जाने की आवश्यकता हो सकती है जिसमें आपका नाम, पता, मोबाइल फ़ोन नंबर, ईमेल पता, जन्म तिथि और केवाईसी विवरण जैसे कि स्थायी खाता संख्या (पैन) इत्यादि सम्मिलित हैं। आप आप इस तथ्य से सहमति व्यक्त करते हैं कि पंजीकरण के दौरान सभी अन्य सभी समयों में आप जो व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करेंगे वह सही, सटीक, वर्तमान और पूर्ण होगी। आप पते में कोई परिवर्तन होने के मामले में पता अद्यतन करने के लिए भी सहमति व्यक्त करते हैं।
- पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान , या जब आप मोबाइल फोन से धनी पे सेवाओं तक पहुंच स्थापित करेंगे तो आपके मोबाइल फ़ोन का डिवाइस आईडी को संग्रहीत किया जा सकता है।
- आप इस व्यक्तिगत जानकारी का अनुरक्षण करने और कोई परिवर्तन या संगतता होने के मामले में अद्यतन करने के लिए सहमति व्यक्त करते हैं। हम पूरी तरह आपके द्वारा किए गए इस अभ्यावेदन पर निर्भर रहते हैं कि आप पात्र हैं और और यदि आप या इस

खाते या धनी पे प्रीपेड खाते का जिसके भी द्वारा उपयोग किया जाता है, वह यदि अपात्र पाया जाता है तो हम कोई जिम्मेदारी वहन नहीं करेंगे।

- आप ट्रांसर्व को व्यक्ति गत जानकारी और संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी (जैसा की गोपनीयता नीति में विस्तृत विवरण दिया गया है) प्राप्त करने के लिए सहमत होते और अपनी सहमति देते हैं।

## गैर-कार्य दिवस

- समय पर सेवाएं प्रदान करने के लिए हम तृतीय पक्ष जैसे कि बैंकों पर निर्भर रहते हैं। चूंकि हम ऐसे तृतीय पक्षों के कार्यों को नियंत्रित नहीं कर सकते, इसलिए निम्नलिखित दिनों (गैर-कार्य दिवसों) पर हम सेवाएं प्रदान करने या भुगतानों या धनवापसियों का प्रसंस्करण करने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।:
- ऐसे दिन जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अवकाश दिवस घोषित किए गए हैं, या कोई अन्य दिन जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर और धनी पे प्रीपेड खाते द्वारा अवकाश दिवस घोषित किया गया है ;
- शनिवार और रविवार सहित ऐसे दिन जो मुंबई, किसी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र में बंद या त्यौहार के रूप में घोषित किए गए हैं। ; और
  और ऐसे दिन जिन पर नियम एवं शर्तों के अंतर्गत परिभाषित किया गए अनुसार "प्राकृतिक आपदा" की घटनाएं होती हैं।

## हानि से सुरक्षा

ग्राहक इसके द्वारा निम्नलिखित इत्यादि कारणों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप किसी भी रूप से उत्पन्न सभी

कार्रवाइयों, कार्यवाहि‍यों, दावों (तृतीय पक्ष के दावों सहित), दायित्वों (वैधानिक दायित्व सहित), दंड, मांगों और लागतों (कानूनी एवं अन्य लागतों इत्यादि सहित) अधिनिर्णयों, क्षतिपूर्तियों, और हानियों और/या व्ययों से होने वाली हानि से ट्रांसर्व को उसके अधिकारि‍यों, निदेशकों और एजेंटों सहित, क्षतिपूरित रखने, बचाव करने और हानिरहित ठहराए जाने की जिम्मेदारी लेता है और सहमति व्यक्त करता है;

- व्यापारी द्वारा दिए गए अपने वचनों, वारंटी, वाचाओं, घोषणाओं या इस समझौते के अंतर्गत अनुंबंधों के उल्लंघन या गैर-निष्पादन;
- ग्राहक द्वारा गोपनीयता या बौद्धिक संपदा अधिकार दायित्वों का उल्लंघनब
- ग्राहक द्वारा या किसी तृतीय पक्ष द्वारा व्यापारी की ओर से प्रदान करने का प्रस्ताव दिए जाने वाले उत्पादों या सेवाओं के संबंध में लाया जाने वाला कोई दावा या कार्यवाही;
- व्यापारी, उसके कर्मचारी, ठेकेदार, अभिकर्ताओं (एजेंट), ग्राहकों या किसी तृतीय पक्ष द्वारा कोई कार्रवाई, कृत्य, असावधानी, अकृत, मिथ्या प्रस्तुति, चूक, दुर्व्यवहार, गैर-निष्पादन या धोखाधड़ी;
- लेनदेनों इन नियम एवं शर्तों, के अंतर्गत अपेक्षित लेनदेनों से संबंधित प्रभारों की वापसी (चार्जबैक) या धनवापसी ;

भारत में और/या किसी अन्य स्थान जहाँ से ग्राहक लेनदेन कर रहा है और/या जहाँ उत्पाद विद्यमान है या सौंपा जाना है, और/या जहाँ संबंधित जारीकर्ता संस्था निगमित पंजीकृत/ स्थापित है वहाँ के कानून, नियमों, विनियमों, कानूनी आवश्यकताओं का उल्लंघन; या

- इन नियम एवं शर्तों के अंतर्गत ट्रांसर्व पर ग्राहक के कारण या उनके द्वारा किए गए

लेनदेनों के कारण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अधिरोपित कोई अर्थ-दण्ड, सजा, या ब्याज

इस खंड के अंतर्गत हानि से सुरक्षाएँ इस अनुबंध में अन्यत्र प्रदान की गई हानि से सुरक्षाओं के अतिरिक्त और उन पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना हैं। यहाँ उपलब्ध कराई गई हानि से सुरक्षाएँ इन नियम एवं शर्तों की समाप्ति के बाद भी विद्यमान रहेंगी।

## शासी कानून और क्षेत्राधिकार

ये नियम एवं शर्तें और/या लेनदेन भारतीय कानून द्वारा प्रशासित किए जाएँगे और मुंबई के सभी न्यायालयों को धनी पे प्रीपेड खाते सहित धनी पे सेवाओं के उपयोग के विषय में उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे और मामले के संबंध में अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।.

## विपणन और प्रचार प्रस्ताव *(*मार्केटिंग और प्रमोशनल ऑफर*)*

- आप स्वीकार करते हैं कि ट्रांसर्व अपनी धारणानुसार आपकी रुचि के अनुकूल सूचनाएं या जानकारी भेज सकती है। ये आपके मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी पर कॉल एसएमएस, ई-मेल के संदेश रूप में हो सकते हैं, जो ग्राहक द्वारा सेवा के लिए पंजीकरण करते समय द्वारा प्रदान किया गया हो या जिसे ग्राहक द्वारा प्रतिस्थापित किया गया और

सूचित किया गया हो। इस संदेश में प्रस्ताव *(ऑफर)*, डिस्काउंट *(छूट)* और सामान्य जानकारी शामिल हो सकते हैं।

- यदि ग्राहक विपणन और प्रचार संदेश प्राप्त न करने का विकल्प चुनना चाहता है तो आपको *ping@dhanipay.in* पर विशेष रूप से विषय के अंतर्गत *"Opt Out"* (ऑप्ट आउट*)* लिखकर ईमेल भेजकर ऐसा निर्देश प्रदान करने की आवश्यकता होगी।

## संचार/सूचना /चेतावनियाँ

- आप समझते और सहमत होते हैं कि आपके द्वारा प्रदान किए गए ईमेल पते सहित विभिन्न माध्यमों पर धनी पे सेवाओं के संबंध में सूचनाएँ प्राप्त करने के लिए एकमात्र आप की जिम्मेदार हैं और यह कि ट्रांसर्व इस संबंध में होने वाले किसी विलम्ब या विफलता के लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है। इससे सहमति व्यक्त करके, आप सहमत होते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक सूचनाओं और जानकारी का वही अर्थ और प्रभाव होता है जो हमारे द्वारा आपको कागजी सूचनाएँ और जानकारी प्रदान करने का होता है। जब ट्रांसर्व आपको यह सूचित करते हुए यह ई मेल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक अधिसूचना भेजता है कि इस प्रकार की अधिसूचनाएं या सूचना इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध हैं, तो उसका वही अर्थ और प्रभाव होगा जैसा कि आपको हमारी ओर से इस प्रभाव की कागजी अधिसूचनाएँ देने पर होता, भले ही आप इस प्रकार की अधिसूचनाओं को

इलेक्ट्रॉनिक रूप से देखें या न देखें। आप एतद्द्वारा पंजीकरण के समय ट्रांसर्व को प्रदान किए गए सभी संपर्क विवरणों को अद्यतित रखने के लिए सहमत होते हैं।

- आप ट्रांसर्व एवं इसके प्रतिनिधियों को आपको एसएमएस भेजने, कॉल या ईमेल करने के लिए के लिए अधिकृत करते हुए अपने पंजीकृत खाते और इसके अंतर्गत प्रस्तावित सेवाओं के संदर्भ में मोबाइल ऐप अधिसूचनाएँ, एसएमएस प्राप्त करने के लिए सहमत होते हैं।

  यह सहमति डीएनडी/डीएनसी/एनडी एनसी के लिए किसी पंजीकरण पर अधिभावी होगी।

- आप स्वीकार करते हैं कि चेतावनियाँ *(अलर्ट)* केवल तभी प्राप्त होंगी जब मोबाइल फोन एसएमएस प्राप्त करने के लिए 'ऑन' मोड में होगा। यदि मोबाइल फोन 'ऑफ' मोड में है, तो हो सकता है कि ग्राहक को ऐसी अवधि के दौरान भेजी गई कोई चेतावनियाँ प्राप्त न हों/ विलम्ब से प्राप्त हों। आप इससे भी सहमत होते हैं कि मोबाइल ऐप अधिसूचना अपने फोन पर आपकी पसंद के अनुसार प्रबंधित की जाएगी। ग्राहक किसी भी प्रकार से सेवा की अनुपलब्धता के विषय में ट्रांसर्व को ट्रांसर्व को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकता है।
- आप स्वीकार करते हैं कि ट्रांसर्व द्वारा प्रदान की जाने वाली एसएमएस सेवा ग्राहक की सुविधा के लिए उपलब्ध कराई गई अतिरिक्त सुविधा है और यह त्रुटि, अकृत, और/या अशुद्धि के प्रति सुभेद्य हो सकती है। यदि ग्राहक चेतावनी *(अलर्ट)* में दी गई जानकारी में कोई त्रुटि पाता है, तो ग्राहक द्वारा उसके बारे में ट्रांसर्व को तुरंत सूचित किया जाएगा और ट्रांसर्व उस त्रुटि को यथाशीघ्र सुधारने के सर्वोत्तम संभव प्रयास करेगी। ग्राहक

एसएमएस सुविधा के कारण कानूनी लागत सहित ग्राहक को उपगत या ग्राहक द्वारा सहन किए गए किसी क्षति, हर्जाने, दावे, व्यय के लिस ट्रांसर्व को उत्तरदायी नहीं ठहराएगा। ग्राहक स्वीकार करता है कि सेवा प्रदान करने की स्पष्टता, पठनीयता, सटीकता और तत्परता अवसंरचना, सेवा प्रदाता की कनेक्टिविटी इत्यादि कई कारकों पर निर्भर होती है। ट्रांसर्व जिस किसी भी प्रकार से चेतावनी *(एलर्ट)* की गैर-सुपुर्दगी, विलम्ब से सुपुर्दगी या विरूपण के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

नियम एवं शर्तों को स्वीकार करके ग्राहक स्वीकार करता और सहमति व्यक्त करता है कि ट्रांसर्व सेवा के लिए पंजीकरण करते समय ग्राहक द्वारा प्रदान किए गए मोबाइल फोन नंबर पर या ग्राहक द्वारा प्रतिस्थापित और सूचि‍त किए गए किसी अन्य नंबर पर प्रतिपुष्टि *(फ़ीडबैक)* एकत्रित करने के उद्देश्य से कॉल कर सकती है या आपसे आपके ईमेल आईडी पर संपर्क कर सकती है।

## *Risk Management:*

## जोखिम प्रबंधन *:*

ट्रांसर्व धोखाधड़ी भरे लेनदेनों को रोकने/ कम करने/ निपटने के लिए प्रतिबंध लागू करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। इन प्रतिबंधों में अनुरोध या पंजीकरण अस्वीकार करने, प्रीपेड खाता में डाले गए पैसों/ लेनदेन को वापस करने, निधियों को स्त्रोत खाते में पुनर्धीयन करने, निपटानों को रोके रखने इत्यादि के अधिकार शामिल हैं। ट्रांसर्व लेनदेन सीमा, *2* लेनदेनों के बीच समय सीमा जैसे वेग मापदण्डों को भी लागू करेगी। ट्रांसर्व व्यक्ति या

लेनदेन की पहचान सत्यापित करने के लिए आपसे अतिरिक्त जानकारी/दस्तावेज़ का अनुरोध करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है।

## निषिद्ध लेनदेन:

आप सहमत होते हैं कि आप धनी पे प्रीपेड खाते का उपयोग भुगतान लेनदेन या अन्य प्रकार से धन अंतरण करने के लिए नहीं करेंगे, जो उत्पाद की खरीद से असंबद्ध है। आप धनी पे प्रीपेड खाता या धनी पे कार्ड का उपयोग किसी अवैध वस्तु या सेवाओं के बिक्री या विनिमय के संबंध में भुगतान लेनदेनों को संसाधित करने के लिए या किसी अन्य अंतर्निहित अवैध लेनदेन या (भारतीय) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, *1999* और इसके तहत समय-समय पर यथा संशोधित विनियम के तहत निषिद्ध कोई लेनदेन करने के लिए नहीं करेंगे।

आप इस हेतु भी सहमत होते हैं कि आप धनी पे प्रीपेड खाता या धनी पे कार्ड को निम्नलिखित की खरीदर करने के लिए नहीं करेंगे:

1. आग्नेयास्त्र

2. शराब

3. विस्फोटक

4. पोर्नोग्राफ़ी सामग्री और सेवाओं या ऐसी कोई अन्य वस्तुएँ

5. जीवित पशु

6. प्रतिबंधित /अवैध दवाएँ या अन्य नियंत्रित पदार्थ

7. आतिशबाजी या पाइरोटेक्निक डिवाइसेस या आपूर्तियाँ

8. खतरनाक सामग्री, जलावन, संक्षारक

9. वेब साइट पहुंच और /या पोर्नोग्राफ़ी या अवैधानिक साइट्स की सदस्यताएं

10. जुआ संबधी लेनदेन

11. बहु स्तरी य विपणन या पिरामिड योजनाएं। विस्तृत सूची *http://shmart.in/contraband.html* पर उपलब्ध है।

इन सीमाओं का अनुपालन करने में विफल रहने पर आपके द्वारा सेवाओं का उपयोग निलंबि◌त या समाप्त किया जा सकता है।

# विविध अस्वीकरण

- हम आपके किसी अन्य उपयोगकर्ता, व्यापारी, साझेदार बैंक, कार्ड जारीकर्ता बैंक या किसी अन्य तृतीय पक्ष के बीच अंतर्निहित किसी लेनदेन में शामिल नहीं हैं। हम बैंक नहीं है और बैंकिंग सेवाएँ नहीं देते हैं।
- हम सेवाओं और एक या अधिक तृतीय पक्षों का उपयोग सेवा प्रदान करने और आपके लेनदेनो को संसाधित करने के लिए कर सकते हैं। हम आपको किसी व्यक्ति द्वारा वस्तुओं या किसी बिक्री के संबंध में विक्रय अभिकर्ता *(एजेंट)* नहीं हैं।

  आपके द्वारा धनी पे सेवा का उपयोग करके या सेवा तक पहुँच स्थापित करने के लिए उपयोग की जाने वाली किसी तृतीय पक्ष वेबसाइट का उपयोग करके आपके द्वारा खरीदी जाने वाली किसी वस्तु या सेवा की गुणवत्ता, उपयुक्तता, सुरक्षा, विश्वसनीयता, वैधता या कोई अन्य पहलू पर कोई नियंत्रण नहीं रखते हैं।
- आपके द्वारा सेवा का उपयोग अपने एकमात्र आपके जोखिम पर है। सेवा "यथास्थि◌ित *(जैसी है वैसी)*" और "यथा उपलब्ध" आधार पर प्रदान की जाती है। हम सटीकता, निरंतरता, अबाधित उपलब्धतता, समयबद्धता, अनुक्रम, गुणवत्ता, निष्पादन, विक्रयशीलता, उपयुक्तता या प्रदर्शन किसी विशेष उद्देश्य, गैर-उल्लंघन, या पूर्णता इत्यादि के लिए किसी भी प्रकार की किसी भी वांरटी या अभ्यावेदन सहित व्यक्त या

निहित सभी प्रकार की वारंटी अस्वीकार करते हैं। विशेष रूप से, हम उपलब्धता, सटीकता, उपयोगिता, शुद्धता या सूचना की पूर्णता से संबंधित, और स्वत्व की वांरटी, वायरस से गैर-उल्लंघन, स्वतंत्रता की वारंटी, विक्रयशीलता या किसी विशेष उद्देश्य के लिए उपयुक्तता की वारंटी और लागू कानून के तहत बहिष्करण, प्रतिबंध या संशोधन में अक्षम वारंटी इत्यादि वांरटी से अस्वीकार करते हैं।

- आप इसके द्वारा आपसे प्राप्त किए जाने वाले किसी भी भुगतान या प्राप्ति के निर्देशों के अनुसार अपने धनी पे प्रीपेड खाते में निधियों को धारण करने, प्राप्त करने और वितरित करने के लिए हमें अधिकृत करते है। अन्य बातों के अतिरिक्त आपके द्वारा प्रदत्त प्राधिकार हमें आपके भुगतान विवरण से जुड़े बैंक खाते को डेबिट या क्रेडिट करने की अनुमति देता है। जब तक आप हमारे साथ खाता बनाए रखते हैं, तब तक आपका प्राधिकरण प्रभावी रहेगा। आप अपने खाते के माध्यम से अपने अपने धनी पे प्रीपेड खाते से जुड़े लेन-देन इतिहास को देख सकते हैं। यदि आप धनी पे प्रीपेड खाते के माध्यम से हुए अपने किसी भी पिछले लेन-देन पर धनवापसी या शुल्क वापसी का अनुरोध करना चाहते हैं, तो आप इन नियम एवं शर्तों में नीचे दिए गए प्रावधानों के अनुसार ऐसा कर सकते हैं।
- आप इसके माध्यम से ट्रांसर्व को उत्पाद सुविधाओं या विपणन प्रस्तावों का निर्माण करने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन, वेबसाइट आदि पर ग्राहक के व्यवहार का विश्लेषण इत्यादि करने के लिए प्राधिकृत करते हैं।

- ट्रांसर्व, ट्रांसर्व द्वारा धनी पे सेवाओं के कुशल प्रावधान के लिए आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली आंशिक या सम्पूर्ण जानकारी को ग्राहक बैंक, भुगतान सेवा प्रदाता, कार्ड संघों, नियामकों, सरकारी एजेंसियों या किसी अन्य तृतीय पक्ष के साथ साझा कर सकता है। आप एतद्द्वारा ट्रांसर्व को ऐसी सूचना तृतीय पक्षों को प्रदान करने के लिए अधिकृत करते हैं। ट्रांसर्व, पंजीकरण के दौरान दी गई किसी भी जानकारी को सत्यापित करने के लिए अपने, साझेदार बैंक या भुगतान सेवा प्रदाताओं की ओर से ओर से अतिरिक्त जानकारी या दस्तावेज़ की मांग कर सकता है, भले ही कानून द्वारा आवश्यक हो या नहीं।
- हम इसकी अनुकूलता, शुद्धता, सटीकता, विश्वसनीयता या किसी अन्य प्रकार के संदर्भ में कोई वारंटी नहीं देते या अभ्यावेदन नहीं करते हैं। आप सेवा पर अपनी पहुँच प्राप्त करने और उपयोग करने के लिए सम्पूर्ण जिम्मेदारी और जोखिम वहन करते हैं। सेवा के उपयोग के माध्यम से कोई सामग्री डाउनलोड करने या किसी अन्य प्रकार से प्राप्त करने का कार्य आपके अपने विवेक और जोखिम पर किया जाता है और डाउनलोड या ऐसे किसी अन्य सामग्री के कारण आपके ऑपरेटिंग सिस्टम को किसी क्षति या डेटा की हानि के लिए एकमात्र आप ही जिम्मेदार होंगे।
- इन नियम एवं शर्तों का निष्पादन एवं अनुपालन और यहाँ विचारित लेनदेनों की पूर्ति से इसके संगठनात्मक दस्तावेज या किसी कानून, अनुबंध के प्रावधानों या इस पर लागू न्यायालय के आदेश का उल्लंघन नहीं होता है और इसके लिए किसी लागू सरकारी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है; और
- धनी पे प्रीपेड खाते सहित धनी पे सेवाओं का उपयोग आपके द्वारा गैर -हस्तांतरणीय है

और ट्रांसर्व खाताधारक के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य लेन-देन की कोई दायित्व नहीं लेती है। ट्रांसर्व इस खंड का अनुपालन करने में आपकी विफलता या धनी पे सेवाओं तक अनधिकृत पहुंच या उपयोग के कारण उत्पन्न किसी हानि, क्षति या अन्य दायित्व के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।

आपको हमारी या सेवा की ओर से मौखिक या लिखित किसी भी रूप से प्राप्त कोई सलाह और जानकारी कोई ऐसी वारंटी उत्पन्न नहीं करेगी जिसे इन नियम एवं शर्तों में स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं किया गया हो।

- हालांकि हम इस सेवा को प्रस्तुत करने के लिए अपनी समझ से आवश्यक समझे जाने वाले सुरक्षा उपाय अपनाते हैं, लेकिन हम यह आश्वासन या गारंटी नहीं देते कि कोई भी व्यक्ति इन सुरक्षा उपायों को पराभूत और विनष्ट नहीं कर पाएगा। और सेवा या किसी खाते तक अनधिकृत पहुंच प्राप्त नहीं कर पाएगा। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति सेवा या आपके खाते को हैक कर लेता या पहुंच प्राप्त कर लेता है तो हम उसके लिए जवाबदेह और उत्तरदायी नहीं होंगे।
- हम, भारतीय रिजर्व बैंक विनियमों और अन्य लागू कानूनों के अंतर्गत, या सीमित सीमा तक हमारे द्वारा आपसे प्राप्त किसी भुगतान निर्देश कार्यान्वित करने हेतु आवश्यक होने के अतिरिक्त, भुगतान विवरण, पंजीकरण डेटा या आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य व्यक्तिगत जानकारी (समग्र रूप से “व्यक्तिगत जानकारी”) साझा न करने का हरसंभव उचित प्रयास करेंगे। हम किसी भी दशा में ऐसे परिणामों के लिए कोई दायित्व वहन नहीं करेंगे जहाँ आपकी व्यक्तिगत जानकारी आपके द्वारा स्वेच्छा से या अनजाने में किसी तृतीय पक्ष के

साथ साझा कर दी जाती है।

## संशोधन

हम अपनी वेबसाइट पर संशोधित संस्करण पोस्ट करके इस अनुबंध को किसी भी समय संशोधि◌त कर सकते हैं। संशोधित संस्करण हमारी ओर से पोस्ट करने के समय प्रभावी होगा।

## शिकायत निवारण

ग्राहक शिकायत को वेबसाइट और ऐप पर दिए गए ग्राहक शिकायत निवारण तंत्र के अनुसार संभाला जाएगा जिसका समय-समय पर अद्यतन किया जा सकता है। यदि ग्राहक ट्रांसर्व द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से संतुष्ट नहीं हैं तो वे शिकायत दर्ज कराने के लिए निवारण तंत्र का अनुसरण कर सकते हैं। शिकायत को *ping@dhanipay.in* पर भेजा जा सकता है।

# ऐप पर त्वरित ऋण के लिए नियम एवं शर्तें

1. "ऐप पर त्वरित ऋण" का संदर्भ धनी धनी पे प्रीपेड खाते के चयनित धारकों *("ग्राहकों")* के समुच्चय को इंडियाबुल्स कंज्यूमर फाइनेंस लिमिटेड *('**आईसीएफएल**')* के साथ गैर-अनन्य संबद्धता में प्रस्तुत किए जाने वाले ऋण उत्पाद से होता है।
2. "ऐप पर त्वरित ऋण" का प्रस्ताव *(ऑफर)* प्रस्ताव ग्राहकों को *03/03/2019* से प्रभावी होकर उपलब्ध है। इस ऑफर में कोई भागीदारी पूर्णत स्वैच्छिक है और किसी अन्य व्यक्तिे को गैर-हस्तांतरणीय है। ट्रांसर्व अपने ग्राहकों को "ऐप पर त्वरित ऋण" प्रस्ताव को अपने विवेकाधिकार के अनुसार बिना कोई पूर्व सूचना दिए संशोधित करने, बंद करने या फिर से शुरू करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
3. उक्त ऋण उत्पाद के प्रयोजन के लिए ग्राहकों का चयन आईसीएफएल और/या ट्रांसर्व के विवेकाधिकार के अनुसार है।
4. ग्राहक सहमति व्यक्त करता है कि ऋण उत्पाद के लिए आवेदन ऋण के अनुमोदन और संवितरण की गारंटी नहीं देता है। ऋण का अनुमोदन और संवितरण आईसीएफएल के विवेकाधिकार और ग्राहक के धनी पे प्रीपेड खाते के उपयोग की लागू शर्तों के अधीन है ।
5. ट्रांसर्व केवल आईसीएफएल के ऋण उत्पाद उत्पादों के वितरण के लिए विपणन साझेदार का काम करता है। ट्रांसर्व इस संदर्भ में रेफरल सेवा प्रदान कर रहा है। ट्रांसर्व इसके अतिरिक्त ऐसे उत्पादों से संबंधित आवेदन, संग्रह और सूचना प्रसार को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रौद्योगिकी मंच प्रदान करता है। ट्रांसर्व का आईसीएफएल की कार्रवाइयों, चूक, त्रुटियों, अभ्यावेदनों, वारंटी, उल्लंघनों या लापरवाही या किसी व्यक्तिगत चोटे, मौत, संपत्ति नुकसान या आईसीएफएल के साथ ग्राहक की अंतर्क्रिया से उत्पन्न क्षतियों, हानियों नुकसान या व्ययों के संबंध में कोई दायित्व नहीं होगा।
6. ग्राहक समझता और स्वीकार करता है कि ऋण उत्पाद के लिए आवेदन करके, वह ट्रांसर्व को आईसीएफएल के संबंध में ऋण उत्पाद के लिए संबंधित और/या इसकी अवधि के दौरान ऋण उत्पाद का संचालन करने के लिए आवेदन के मूल्यांकन के प्रयोजन हेतु अपनी व्यक्तिगत जानकारी *(*नाम, पता, मोबाइल फोन नंबर, ई-मेल पता, केवाईसी विवरण, जन्म तिथि और ट्रांसर्व के पास उपलब्ध कोई ऐसी सूचना*)* साझा करने के लिए प्राधिकृत करता है।
7. यदि ग्राहक ने आईसीएफएल से ऋण उत्पाद का लाभ उठाया है, तो

    7.1. ऐसे ऋण उत्पाद आईसीएफएल के उपयोग की शर्तों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। विवरण के लिए यहां क्लिक करें ।

    7.2. आईसीएफएल को इसके अतिरिक्त ग्राहक द्वारा प्राप्त ऋण उत्पाद के लिए सीधे ग्राहक से संपर्क करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

    7.3. ग्राहक एतद्द्वारा आईसीएफएल के उपयोग की शर्तों *(*विवरण के लिए यहां क्लिक करें*)* और ऋण उत्पाद के लिए आवेदन करते समय ग्राहक

द्वारा सहमत शर्तों से सहमत होता और उनके अनुसार ऋण उत्पाद चुकाने का स्पष्ट आश्वासन देत है। ट्रांसर्व जिस किसी भी कारण से ग्राहक की ऋण उत्पाद की अदायगी न होने से उत्पन्न किसी विवाद या दावे के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

7.4. ग्राहक इससे सहमति व्यक्त करता है कि ऋण उत्पाद से जुड़े सभी शुल्क और प्रभार एकमात्र आईसीएफएल के विवेकाधिकार पर लगाए जाते हैं और आईसीएफएल द्वारा सीधे आईसीएफएल से एकत्र किए जाते हैं।

8. ऋण उत्पाद से संबंधित किसी भी शिकायत और विवाद के लिए, ट्रांसर्व ऐसे मामलों के बारे में जानकारी अधिग्रहित *(कैप्चर)* करने के लिए एक इंटरफेस प्रदान करती है। ट्रांसर्व आईसीएफएल के प्रतिनिधियों के साथ संपर्क करके ऐसे मामलों के समाधान को और अधिक सुविधाजनक बनाती है। ग्राहक स्वीकार करते हैं कि ट्रांसर्व केवल एक समन्वयक है और ग्राहकों को समाधान प्रदान करने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगी।

9. ग्राहक मानता है कि

9.1. ट्रांसर्व किसी भी प्रकार से या तो ऋण उत्पाद के अनुदान या किसी अन्य प्रकार की ऋण सुविधा में संलग्न नहीं है और न ही यह आईसीएफएल की ओर से किसी ऋण की गारंटी गारंटी देती है।

9.2. ट्रांसर्व द्वारा प्रदान किसी इंटरफ़ेस के माध्यम से आईसीएफएल के साथ ग्राहक संपर्क ग्राहक के अपने जोखिम पर है, और ऐसे ऋण उत्पाद का अनुप्रयोग और उपयोग पूर्णत स्वैच्छिक है।

9.3. आईसीएफएल द्वारा ऋण उत्पाद प्रदान किया जाना आईसीएफएल द्वारा उचित समझे जाने वाले रूप में ग्राहक द्वारा पात्रता मानदंड पूरा करने के अधीन है।

9.4. ट्रांसर्व ग्राहक द्वारा प्राप्त किए गए ऋण उत्पाद के संबंध में आवेदन, संवितरण, संग्रह या किसी अन्य पहलू के संबंध में आईसीएफएल द्वारा किए गए किसी निर्णय के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। ट्रांसर्व, ट्रांसर्व की वितरण और प्रौद्योगिकी सेवाओं का उपयोग करके ऋण उत्पाद/वित्तीय उत्पाद प्रदान करने वाले आईसीएफएल के कार्यनिष्पादन की किसी भी प्रकार से वारंटी या गारंटी प्रदान नहीं करती है।

9.5. ट्रांसर्व, ट्रांसर्व के इंटरफ़ेस का उपयोग करके ग्राहक द्वारा किसी ऋण आवेदन के लिए किए गए किसी विलम्ब, अस्वीकृति या अनुमोदन के लिए के लिए उत्तरदाई नहीं ठहराई जाएगी।

9.6. आईसीएफएल द्वारा पेश ऋण या अन्य वित्तीय उत्पाद का प्रदर्शन, किसी भी प्रकार से आईसीएफएल या उनके उत्पादों के लिए कोई प्रायोजन, सिफारिश, राय, सलाह या अनुमोदन को निहित करता, सुझाव देता या गठित करता, नहीं है।

9.7. ट्रांसर्व **आईसीएफएल** द्वारा प्रस्तुत किए गए ऋण उत्पाद के संबंध में किसी दावे, हानि या क्षति के लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है।

10. ट्रांसर्व किसी भी समय अपने विवेकाधिकार पर ग्राहक को पूर्व सूचना बिना इस ऑफर की शर्तें बदलने या अथवा संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस प्रस्ताव का निरंतर उपयोग ग्राहक द्वारा अद्यतित या संशोधित शर्तों की स्वीकृति का प्रतीक है।

11. इस ऑफर से उपजे कोई विवाद मुंबई शहर (भारत) के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे, भले ही अन्य क्षेत्रो के न्यायालयों को समवर्ती क्षेत्राधिकार प्राप्त हो।

## एप्प पर त्वरित ऋण ग्राहकों के लिए लागू विपणन प्रस्ताव के लिए नियम एवं शर्तें

- नीचे उल्लिखित नियम एवं शर्तें ट्रांसर्व द्वारा अपने ऐसे ग्राहकों को पेशकश किए जाने वाले प्रचारात्मक लाभों ("विपणन प्रस्ताव") का वर्णन करने के लिए हैं जिन्होंने "एप्प पर त्वरित ऋण" की सदस्यता ली है।
- प्रस्ताव अवधि के दौरान "एप्प पर त्वरित ऋण" का लाभ उठाकर, आप इसके अंतर्गत उल्लिखित नियम एवं शर्तें स्वीकार कर रहे हैं. इस मार्केटिंग ऑफर में कोई भागीदारी पूर्णत स्वैच्छिक है।
- विपणन प्रस्ताव मान्य और यूडियो वॉलेट खाता धारण करने वाले और प्रस्ताव अवधि के दौरान "एप्प पर त्वरित ऋण" का लाभ उठाने वाले ग्राहक (' उपयोगकर्ता ') के लिए लागू होगा।
- यूडियो वॉलेट ट्रांसर्व प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित सेमी-क्लोज्ड लूप प्रीपेड भुगतान साधन को संदर्भित करता है।
- यह ऑफर केवल गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध यूडियो वॉलेट मोबाइल ऐप के नवीनतम संस्करण *2.2.0* या उससे उच्च संस्करण का उपयोग करने वाले उपयोगकर्ताओं पर लागू होगा। उपयोगकर्ता को संस्करण की जांच करने और नवीनतम संस्करण उपयोग नहीं कर रहे होने के मामले में अद्यतन करने के लिए *goo.gl/rOUuKV* नी जाने की सलाह दी जाती है। यह प्रस्ताव आईओएस पर यूडियो मोबाइल ऐप के नवीनतम संस्करण *1.5* या उससे उच्च पर भी उपलब्ध है।
- उपयोगकर्ताओं को अपना ब्यौरा भरना और यूडियो मोबाइल एप्लीकेशन से ऋण के लिए आवेदन करना होता है। ऋण देने वाले साझेदार (**आईसीएफएल**) से मंजूरी पर, उपयोगकर्ताओं को लोन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए अधिसूचित किया जाएगा। वे उपयोगकर्ता जो व्यक्तिगत ऋण के लिए स्वीकृत होते हैं, केवल **आईसीएफएल** के विवेकाधिकार पर, ऋण का संवितरण प्राप्त करेंगे। ऐसे उपयोगकर् जिन्हें ऋण संवितरित किए जाते हैं (पात्र उपयोगकर्ता) विपणन पेशकश के लिए पात्र होंगे । अपूर्ण आवेदन/रद्द ऋण ग्राहक प्रस्ताव के लिए पात्र नहीं होंगे।
- पात्र उपयोगकर्ताओं को ऋण वितरण के बाद *72* घंटे के भीतर ईमेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा । विपणन प्रस्ताव के लाभों का विवरण इस प्रकार हैं:

11.1. दो नि: शुल्क मूवी टिकट :

- पात्र उपयोगकर्ताओं को प्रति टिकट 250 रुपए तक की राशि के दो मूवी टिकट मिलेंगे । (सभी लागू करों, उद्ग्रहणों, सुविधा शुल्क सहित) ।
- देश भर में 450 + सिनेमा घरों में सोमवार से गुरुवार तक के सभी शो के लिए टिकट बुक कराए जा सकते हैं।
- पात्र उपयोगकर्ताओं को ईमेल के माध्यम से एक बार उपयोग किया जाने वाला विशिष्ट कोड उपलब्ध कराया जाएगा जिसे दो वैध मूवी टिकट के लिए भुनाया जा सकता है।
- पात्र उपयोगकर्ता स्वीकार करते और सहमम होते हैं कि ट्रांसर्व ने फोर मिनट मील (मूवी पार्टनर) के साथ मिलकर व्यवस्था की है जो वाउचर कोड के संचालन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से और एकमात्र रूप से जिम्मेदार है।
- वाइचर कोड के संचालन के संबंध में कोई शिकायतें या कमियां होने पर, ट्रांसर्व पात्र उपयोगकर्ता के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करके समस्या का समाधान करने को सुसाध्य करेगी। हालांकि, ऐसी शिकायतों के समाधान के लिए मूवी पार्टनर पूरी तरह से एकमात्र रूप से जिम्मेदार होगा।
- वाउचर कोड के मोचन के लिए , पात्र उपयोगकर्ताओं को वेबसाइट http://theofferclub.com/udio/ जाना होगा।
- वाउचर कोड को उपयोग करने से पहले सक्रिय करने की आवश्यकता होगी। सीधे बॉक्स ऑफिस पर इस वाउचर की प्रस्तुति मान्य नहीं होगी। मूवी को सीट आरक्षण से कम से कम 2 दिन पहले बुक करने की आवश्यकता होगी।
- ग्राहक को मोचन के 24-48 घंटे के भीतर उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर/ ईमेल पर टिकट भेजे जाएंगे। विशेष शो और विशेष स्क्रीनिंग, यदि कोई हो, तो उसके लिए मोचन वैध नहीं है।
- वाउचर कोड सक्रिय किए जाने और बुकिंग किए जाने के बाद, किसी बुकिंग में बदलाव या उसे रद्द नहीं किया जाएगा और किसी भी प्रकार से कोई भी धन-वापसी नहीं की जाएगी।
- थियेटर प्राधिकारियों द्वारा किसी भी कारण से किसी शो को रद्द करने के लिए मूवी पार्टनर को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। ऐसा होने की स्थिति में कोई धन-वापसी या अन्य बुकिंग नहीं की जाएगी।

- मूवी पार्टनर सीटों की गुणवत्ता, थियेटर पर सेवा संबंधी विसंगतियों के लिए जिम्मेदार नहीं है। टिकट सीट वरीयता के बिना उपलब्धता के अधीन होंगे।
- टिकटों के बदले में नकद लेने या टिकटों का विनिमय करने के कार्य नहीं किए जा सकते हैं। वाउचर कोड ग्राहक को केवल थिएटर में मूवी टिकट के लिए हकदार बनाता है और थिएटर में कोई भोजन या पेय प्रदान नहीं किया जाएगा।

11.2. *250* रुपये मूल्य की यूडियो ट्रीट्स

- पात्र उपयोगकर्ता *250* रुपये मूल्य की *"*थूडियो ट्रीट्स*"* प्राप्त करेंगे। उनके संबंधित यूडियो वॉलेट में *250*
- रु. क्रेडिट किए जाएंगे। ऐसी यूडियो ट्रीट्स क्रेडिट की तारीख से *30 (*तीस*)* दिनों की अवधि के लिए मान्य होंगी।
- यूडियो ट्रीट्स *www.udio.in/*शर्तों *and conditions* पर उपलब्ध उपयोग की शर्तों द्वारा नियंत्रित होती है।
- यूडियो ट्रीट्स, ऑनलाइन और ऑफलाइन व्यापारी भुगतानों और *(*यूडियो कार्ड का उपयोग करके*)*, बिल भुगतान, प्रीपेड रिचार्ज, ब्राण्डेड वाउचर की खरीद, कोई यूडियो वॉलेट ग्राहकों के लिए पेश की गई ऐसी सुविधाओं के लिए भुनाई जा सकती हैं।
- यूडियो ट्रीट्स अहस्तांतरणीय हैं और किसी अन्य ग्राहक को नहीं भेजी नहीं जा सकती या बैंक खाते में स्थानांतरित नहीं की जा सकतीं। इसे नकद के लिए भी भुनाया नहीं जा सकता।

- यह विपणन प्रस्ताव *3* मार्च *2019* से *31* मार्च *2019, 23:59:59* बजे *("*प्रस्ताव अवधि*")* तक के दौरान किए गए सभी ऋण संवितरणों के लिए मान्य है। ट्रांसर्व किसी पूर्व सूचना बिना प्रस्ताव अवधि और/या प्रस्ताव की शर्तें बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- यह विपणन प्रस्ताव किसी अन्य प्रस्ताव के साथ संयोजित नहीं किया जा सकता।.
- ट्रांसर्व इस विपणन प्रस्ताव के कारण उपयोगकर्ता द्वारा सहन किए जाने वाले, धारण किए जाने वाले या अधिरोपित होने वाली किसी कार्रवाई, दावे, मांगों, हानियों, क्षतियों, लागतें, शुल्कों के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
  व्यक्ति को केवल एक यूडियो वॉलेट सेट अप करने और उपयोग करने की अनुमति है। एक ही व्यक्ति द्वारा कई यूडियो वॉलेट सेट अप करने और/या उपयोग करने का प्रयास नियम और शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा और ट्रांसर्व को इस संबंध में ऐसे यूडियो वॉलेट को अवरुद्ध करने और/या कैशबैक या कोई अन्य प्रचारात्मक कार्रवाई अस्वीकार करने या ऐसे कोई सुधारात्मक उपाय आदि जैसी कार्रवाई शुरु करने का पूरा अधिकार होगा
- किसी व्यक्ति/ग्राहक द्वारा अनधिकृत डेटा, धोखाधड़ी भरे साधनों या खोए/चुराए गए कार्ड के डेटा का उपयोग करने का प्रयास करने या यूडियो वॉलेट में लॉगिन करने, पैसा डालने *(*लोड करने*)/* निधियों का उपयोग करने के लिए पहचान की चोरी या किसी अन्य बेईमानी भरे साधनों का

उपयोग करने में संलग्न होने पर ट्रांसर्व को उस विशेष यूडियो वॉलेट खाते को अवरुद्ध करने के पूरे अधिकार होंगे।

- ट्रांसर्व मूवी पार्टनर और ग्राहक के बीच उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं है। ट्रांसर्व मूवी पार्टनर. द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं किसी कमी के लिए किसी भी प्रकार जिम्मेदार नहीं होगी। उपरोक्त के अलावा, यूडियो वॉलेट की सामान्य नियम एवं शर्तों भी लागू होंगी जब तक कि ऊपर अन्यथा अभिव्यक्त न किया गया हो। कृपया *offers.udio.in* पर जाइए ।

- खातों के संगणन, निरस्तीकरण, जब्ती, क्रेडिट, डेबिट और अवरोधन के विषय में ट्रांसर्व 'का निर्णय अंतिम, निश्चयात्मक और ग्राहक पर बाध्यकारी होगा।

  इस ऑफर से उत्पन्न होने वाले कोई भी विवाद मुंबई शहर (भारत) में स्थिति सक्षम न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे भले ही अन्य क्षेत्रों में विद्यमान न्यायालयों का समवर्ती क्षेत्राधिकार हो। .

## धनी पे - सोने में निवेश (इटन्वेस्ट इन गोल्ड) के लिए नियम एवं शर्त

- "धनी पे इन्वेस्ट" उत्पाद ऑफर धनी पे प्रीपेड खाता ग्राहकों ("ग्राहकों") के चयनित सेट को, डिजिटल गोल्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ('सेफ गोल्ड' ब्राण्ड के अंतर्गत संचालित) या ऐसे किन्हीं अन्य ऐसी संस्थाओं ("निवेश साझेदार") जिनके साथ ट्रांसर्व समय-समय पर गठबंधन कर सकता है, के साथ अविशिष्ट साहचर्य में ऑफर किए जाने वाले उत्पाद जैसे कि गोल्ड प्रोडक्ट को संदर्भित करता है।
- ग्राहकों को धनी पे इन्वेस्ट प्रस्ताव *05/08/2018* से प्रभावी होकर उपलब्ध है। इस ऑफर में कोई भागीदारी पूर्णत स्वैच्छिक है और किसी अन्य व्यक्ति के लिए गैर-हस्तांतरणीय है। ट्रांसर्व बिना कोई पूर्व सूचना दिए अपने ग्राहकों के लिए धनी पे इन्वेस्ट ऑफर को संशोधित करने, बंद करने या पुनः आरंभ करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- उक्त गोल्ड प्रोडक्ट के उद्देश्य से ग्राहकों का चयन एकमात्र संबंधित निवेश भागीदार और/या ट्रांसर्व के विवेकाधिकार के अनुसार है ।
- ट्रांसर्व केवल संबंधित निवेश साझेदार के उत्पाद के वितरण हेतु विपणन भागीदार के रूप में कार्य करता है। ट्रांसर्व आगे ऐसे उत्पादों से संबंधित आवेदन, संवितरण, संग्रह सूचना और प्रसार के लिए प्रौद्योगिकी मंच प्रदान करता है। निवेश साझेदार की कार्रवाइयों, चूक, त्रुटियों, अभ्यावेदन, वारंटियों, उल्लंघनों या लापरवाही के संबंध में या निवेश भागीदारों के साथ ग्राहक की अंतक्रिया के कारण किसी प्रकार की व्यक्तिगत चोटों, मौत, संपत्ति को नुकसान, या अन्य क्षतियों या हानियों या व्ययों के लिए ट्रांसर्व का कोई दायित्व नहीं होगा।
- ग्राहक समझता और सहमत होता है कि गोल्ड प्रोडक्ट के लिए पंजीकरण कराकर, वह ट्रांसर्व को, अपनी व्यक्तिगत जानकारी ( नाम, पता, मोबाइल फ़ोन नंबर, ई-मेल पता, केवाईसी विवरण, जंमतिथि और कोई ट्रांसर्व के पास उपलब्ध ऐसी अन्य जानकारी) संबंधित निवेश

साझेदार के साथ साझा करने के लिए प्राधिकृत करता/करती है।

- यदि ने ग्राहक निवेश साझेदार से गोल्ड प्रोडक्ट का लाभ उठाया है, तो, ऐसा गोल्ड प्रोडक्ट संबंधित निवेश साझेदार के उपयोग की शर्तों द्वारा नियंत्रित किया जाएगा । यहां क्लिक करें ।

ग्राहक मानता है कि ट्रांसर्व द्वारा एकत्र की गई राशि केवल निवेश साझेदार की ओर से है और ट्रांसर्व ग्राहक से एकत्र की गई ऐसी राशि संबंधित निवेश भागीदार को अंतरित करेगा ।

निवेश साझेदार को आगे ग्राहक द्वारा प्राप्त गोल्ड प्रोडक्ट से संबंधित किसी मामले के लिए सीधे ग्राहक से संपर्क करने के लिए अनुमति दी जाती है।

ग्राहक एतद्द्वारा, ग्राहक द्वारा गोल्ड प्रोडक्ट के लिए आवेदन करते समय स्वीकार की गई निवेश भागीदार के उपयोग की शर्तों यहां क्लिक करें से सहमत होता है। ट्रांसर्व, सोने की डिलीवरी के कारण उत्पन्न होने वाले किन्हीं विवादों या दावों के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा। .

ग्राहक इससे सहमत है कि गोल्ड प्रोडक्ट से संबद्ध कि सभी शुल्क और प्रभार एकमात्र निवेश साझेदार के संपूर्ण विवेकाधिकार विवेकाधिकार पर लगाए जाते हैं।

- गोल्ड प्रोडक्ट संबंधित किसी शिकायत और विवाद के लिए, ऐसे मामलों के बारे में जानकारी कैप्चर करने के लिए ट्रांसर्व एक इंटरफेस प्रदान करेगा। ट्रांसर्व संबंधित निवेश साझेदार के प्रतिनिधियों के साथ संपर्क बनाकर ऐसे मामलों के समाधान को और सुकर बनाएगा।
- ग्राहक स्वीकार करते हैं कि ट्रांसर्व मात्र एक सुविधादाता है और ग्राहकों को समाधान प्रदान करने के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। ग्राहक मानता है कि

1. ट्रांसर्व न तो गोल्ड प्रोडक्ट के अनुदान में संलग्न है और न ही यह किन्हीं निवेश भागीदारों की ओर से किसी ऋण की गारंटी देती है।
2. ट्रांसर्व द्वारा उपलब्ध कराए गए किसी इंटरफेस के माध्यम से निवेश साझेदार के साथ उपलब्ध किया गया ग्राहक संपर्क ग्राहक के अपने जोखिम पर है, और ऐसे गोल्ड प्रोडक्ट का अनुप्रयोग और उपयोग पूर्णत स्वैच्छिक है।
3. ट्रांसर्व किसी भी तरीके से यह गारंटी नहीं देता कि निवेश साझेदार द्वारा प्रदान की गई जानकारी सत्य और सही है और यह कि निवेश साझेदार के बारे में जानकारी सत्यापित करना ग्राहकों की जिम्मेदारी है।
4. निवेश साझेदार द्वारा गोल्ड प्रोडक्ट का अनुदान, निवेश साझेदार द्वारा उचित समझे जाने के अनुरुप ग्राहक द्वारा पात्रता मानदंड पूरा करने के अधीन है।
5. ट्रांसर्व ग्राहक द्वारा प्राप्त किए गए गोल्ड प्रोडक्ट के संबंध में खरीद/ मुक्त करना/ वितरण या किसी अन्य प्रकार के पहलुओं के संबंध में निवेश साझेदार द्वारा लिए गए निर्णय के लिए जिम्मेदार नहीं होगी। ट्रांसर्वए गोल्ड प्रोडक्ट उपयोग करके ट्रांसर्व की वितरण और प्रौद्योगिकी सेवाओं का उपयोग करके गोल्ड प्रोडक्ट प्रदान करने वाले निवेश साझेदार के कार्य निष्पादन की किसी प्रकार से वारंटी या गारंटी प्रदान नहीं करती है।
6. ट्रांसर्व को ट्रांसर्व के इंटरफ़ेस का उपयोग करके ग्राहक द्वारा किए गए किसी गोल्ड प्रोडक्ट आवेदन में किसी विलंब, अस्वीकृति के क्या वह उत्तरदाई नहीं ठहराया जाएगा।
7. निवेश साझेदार द्वारा पेश किए जाने वाले गोल्ड प्रोडक्ट का प्रदर्शन किसी भी प्रकार से ऐसे निवेश भागीदारों या उनके उत्पादों के लिए कोई प्रायोजन, सिफारिश, राय, सलाह या अनुमोदन को निहित करता, सुझाव देता या गठित करता, नहीं है।
8. ट्रांसर्व निवेश साझेदार द्वारा प्रस्तुत किए गए गोल्ड प्रोडक्ट के संबंध में किसी दावे, हानि या क्षति के लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है।

- ट्रांसर्व किसी भी समय अपने विवेकाधिकार पर ग्राहक को पूर्व सूचना बिना इस ऑफर की शर्तें बदलने या अथवा संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस प्रस्ताव का निरंतर उपयोग ग्राहक द्वारा अद्यतित या संशोधित शर्तों की स्वीकृति का प्रतीक है।
- इस ऑफर से उपजे कोई विवाद मुंबई शहर *(भारत)* के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे, भले ही अन्य क्षेत्रो के न्यायालयों को समवर्ती क्षेत्राधिकार प्राप्त हो।.

# उपयोग की शर्तें

## भाग – *I*

1. परिचय

1.1. *1.1* सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, *2000* इसके अंतर्गत लागू नियम एवं विभिन्न कानूनों, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, *2000* द्वारा यथासंशोधित, में इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों से संबंधित प्रावधानों के संदर्भ में यह दस्तावेज़ एक इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड है। यह इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड कंप्यूटर सिस्टम द्वारा जनरेट किया गया है और इसे किसी भौतिक या डिजिटल हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होती है।

1.2. *1.2* यह दस्तावेज़ सूचना प्रौद्योगिकी *(*मध्यवर्ती दिशानिर्देश*)* नियम, *2011* के नियम *3(1)* के उपबंधों के अनुसार प्रकाशित किया जाता है जो प्लेटफ़ॉर्म की पहुँच या उपयोग के लिए नियम और विनियमों, गोपनीयता नीति और उपयोग की शर्तें का प्रकाशन करने की आवश्यकता नियत करता है।

1.3. *1.3* इन उपयोग की शर्तों के भाग *I* और भाग *II* सामूहिक रूप से संदर्भित किया जाएगा और हमेशा एक साथ पढ़ा जाएगा।

2. परिभाषाएँ

2.1. *2.1.* इन शर्तों के प्रयोजनार्थ, जहां भी संदर्भ आवश्यक समझता हो, शब्द*:*

2.1.1. *2.1.1.* "ग्राहक" का अर्थ कोई व्यक्ति होगा, जो इन शर्तों में वर्णित किए गए अनुसार, प्रतिपक्ष के रूप में सोने की खरीद, सोने की डिलिवरी लेने और/या सोने को वापस डिजिगोल्ड को बेचने के लिए प्लेटफार्म का उपयोग करके लेनदेन करता है।

2.1.2.*2.1.2.* "ग्राहक खाता" का अर्थ आपके द्वारा या अन्य प्रकार से, इन शर्तों के अनुसार बनाया गया खाता होगा।

2.1.3.*2.1.3.* . "ग्राहक खाता जानकारी" का अर्थ आपके द्वारा ग्राहक खाते के निर्माण के उद्देश्य के लिए उपलब्ध कराई गई जानकारी होगा।

2.1.4.*2.1.4.* "ग्राहक अनुरोध" का अर्थ आपके द्वारा ग्राहक के सोने के संबंध में किया गया वितरण अनुरोध, विक्रय अनुरोध, विनिमय अनुरोध होगा।

2.1.5.*2.1.5.* "अप्रत्याशित घटना" का अर्थ वितरण साझेदार और/या डिजिगोल्ड के उचित नियंत्रण से बाहर की कोई घटना होगी जिसमें तोड़फोड़, अग्नि कांड, बाढ़, दैवीय आपदा, नागरिक विद्रोह, हडताल, तालाबंदी या किसी प्रकार की औद्योगिक कार्रवाई, दंगे, विद्रोह, युद्ध, सरकार की कार्रवाईयाँ, कंप्यूटर हैकिंग, नागरिक उपद्रव, कंप्यूटर डेटा और भंडारण युक्ति तक अनधिकृत पहुंच, कंप्यूटर क्रैश, वायरस हमले, सुरक्षा और एन्क्रिप्शन भंग होना इत्यादि, और कोई अन्य ऐसी ही घटना सम्मिलित होती हैं जो जो वितरण साझेदार और/या डिजिगोल्ड के नियंत्रण के भीतर न हो या जिसका निवारण करने में वितरण साझेदार और/या डिजिगोल्ड समर्थ न हो।

2.1.6.*2.1.6.* "व्यक्ति" का अर्थ एक व्यक्ति, एक निगम, एक साझेदारी, एक संयुक्त उपक्रम, एक ट्रस्ट, एक अनिगमित संगठन और कोई अन्य कानूनी इकाई होगा ।

2.1.7.*2.1.7.* "प्लेटफार्म" का अर्थ और इसमें समाविष्ट होंगे, मोबाइल/ वेब एप्लीकेशन, अनुप्रयोग, प्री-पेड कार्ड, इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम *(IVR)*, और/या खुदरा नेटवर्क, *'[•]'* के नाम और प्रकार से, जिसे ग्राहक या तो सीधे या किसी खुदरा विक्रेता के माध्यम से /इस संबंध में वितरण साझेदार द्वारा प्राधिकृत अन्य मध्यस्थ, प्लेटफार्म के माध्यम से सभी लेनदेनों, सामग्रियों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी तक पहुँच प्राप्त करने के लिए उपयोग करते हैं।

2.1.8.*2.1.8.* "अंतरण" एक ग्राहक खाते से किसी अन्य ग्राहक खाते को सोने के हस्तांतरण के लिए उपलब्ध सुविधा को संदर्भित करता है।

## अनुभाग धारा *2.1* में परिभाषित शर्तों के अलावा, यहाँ उपयोग की गई अतिरिक्त शर्तों के, इसके बाद संबंधित अनुभागों में निर्दिष्ट किए गए संबंधित अर्थ होंगे।

3. डिजिगोल्ड द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के नियम एवं शर्तें

3.1.*3.1.* डिजिटल गोल्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी अधिनियम, *2013* के अंतर्गत निगमित एक कंपनी, जिसका पंजीकृत कार्यालय *1902*

टॉवर बी, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई, महाराष्ट्र *400013* में स्थित है, *("*डिजिगोल्ड*")* प्लेटफार्म *(“*सेवाओं*”)* पर या उनके माध्यम से सोने की बिक्री करने और उसे सुरक्षित रखने/ वॉल्टिंग और वितरण/ सोने की पूर्ति और उसके संबंध में ग्राहकों को संबंधित सेवाएँ प्रदान करने का कार्य करेगी।

3.2. *3.2.* सोने को डिजिगोल्ड द्वारा खरीद और/या बिक्री के लिए ब्राण्ड नाम *"*सेफगोल्ड*"* से प्रस्तुत किया जा रहा है । सेवाएँ डिजिगोल्ड द्वारा प्रदान की जा रही हैं। *[•] ("*वितरण साझेदार*" )* केवल अपने प्लेटफार्म पर सेवाओं को सुसाध्य कर रहा है। भुगतान सेवाएँ प्रदान करने और सेवाओं से संबंधित प्रश्नों को संबोधित करने के लिए ग्राहक सहायता प्रदान करने के अतिरिक्त, वितरण साझेदार कोई उत्तरदायित्व नहीं लेता । सेवाओं से संबंधित कोई भी और सभी लेनदेन, डिजिगोल्ड द्वारा ऐसे मध्यस्थों *(*अर्थात् सुरक्षा ट्रस्टी और वॉल्ट कीपर*)* के सहयोग से प्रतिपादित किए जा रहे हैं जिनके साथ डिजिगोल्ड ने अलग से अनुबंध किए हैं।

3.3. *3.3.* ग्राहकों को सेवाओं का उपयोग करने से पहले इन शर्तों को ध्यान से पढ़ने और समझने का परामर्श दिया जाता है।

3.4. *3.4.* ग्राहकों को, वितरण साझेदार द्वारा इन सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों पर लागू बताए जाने वाले किन्हीं नियम एवं शर्तों को पढ़ने और समझने का भी परामर्श दिया जाता है।

3.5. *3.5.* डिजिगोल्ड और/या वितरण साझेदार प्लेटफार्म से किसी व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से के विषय में , सम्पन्न किए गए किन्हीं प्रकार के लेनदनों पर किसी प्रतिफल की गारंटी नहीं देता है। ग्राहक *(*यहाँ आगे *"*आप*"* के रूप में संदर्भित, शब्द *"*आपके*"* का अर्थ तदनुसार अभिहित माना जा रहा है*)* इन उपयोग की शर्तों का अनुपालन करते हुए कोई लेनदेन सम्पन्न करने से पहले उपयुक्त और प्रभावी यथोचित तत्परता बरतने के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। आप आगे स्वीकार करते और सहमति व्यक्त करते हैं कि प्लेटफार्म का उपयोग करके की जाने वाली आपकी खरीद या अन्य निर्णयों के लिए डिजिगोल्ड और/या वितरण साझेदार और उनके अधिकारियों, निदेशकों, कर्मचारियों, एजेंटों और सहयोगियों का कोई दायित्व नहीं होगा।

3.6. *3.6.* डिजिगोल्ड द्वारा ग्राहक खाता बनाने की तारीख से आरम्भ होने वाली अवधि के लिए सेवाएँ प्रदान की जाएंगी।

3.7. *3.7.* आप समझते और स्वीकार करते हैं कि सेवाएँ यथास्थिति और यथाउपलब्ध्ता के आधार पर प्रदान की जा रहीं और उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्लेटफार्म में ऐसी त्रुटियाँ या अशुद्धि याँ हो सकती हैं जिससे विफलताएँ, दूषण या आपके डिवाइस और/या आपके द्वारा प्लेटफार्म के साथ जुड़ने के लिए उपयोग किए गए किसी अन्य डिवाइस और साथ ही साथ ऊपर उल्लिखित उपकरणों से जुड़े हुए बाह्य उपकरणों *(*जिसमें सर्वर और कंप्यूटर आदि सम्मिलित हैं*)* से डेटा और/या सूचना की हानि हो सकती है। आप आपके द्वारा सेवाओं के उपयोग से संबद्ध सभी जोखिम और लागतों को मानते हैं जिनमें आपके डिवाइस के उपयोग के लिए हुई कोई लागतें और उपकरण, सॉफ्टवेयर या डेटा, को हुई क्षति आदि सम्मिलित हैं।

4. सुरक्षा ट्रस्टी, मध्यवर्ती और सुरक्षित रख-रखरखाव व्यवस्था

4.1. *4.1.* मध्यस्थों की नियुक्ति

4.1.1.*4.1.1.* डिजिगोल्ड या सिक्योरिटी ट्रस्टी *(*जैसा भी मामला हो*)* द्वारा समय-समय पर ऐसे मध्यस्थों *("*मध्यस्थ*")* की नियुक्ति की जा सकती है जो आप को सेवाएँ प्रदान करने में डिजिगोल्ड की सहायता करेंगे। *"*मध्यस्थ*"* शब्द का अर्थ सुरक्षा ट्रस्टी, वॉल्ट कीपर होगा और इनमें डिजिगोल्ड या सुरक्षा ट्रस्टी द्वारा ग्राहक द्वारा आर्डर प्रस्तुत किए जाने *(*और उसके बदले में पैसे का सफल भुगतान करने पर*)* से लेकर आपके द्वारा इन शर्तों के अनुसार किए गए ग्राहक अनुरोध की परिपूर्ति होने तक पर नियुक्त कोई भी और सभी व्यक्ति *(*जैसा भी मामला हो*)* होंगे। आप इसके द्वारा अपने लिए और अपनी ओर से डिजिगोल्ड या सिक्योरिटी ट्रस्टी द्वारा *(*जैसा भी मामला हो*)* ऐसे मध्यस्थों की नियुक्ति के लिए सहमति व्यक्त करते हैं।

4.1.2. *4.1.2.* आप स्वीकार करते और समझते हैं कि इन मध्यस्थों को यह सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त किया गया है कि आपके ग्राहक आदेश /ग्राहक अनुरोध का इन शर्तों के साथ विधिवत पालन किया जाता है।. आप इसके अतिरिक्त यह भी स्वीकार करते हैं कि उनकी नियुक्ति और उनकी सेवाओं के संबंध में इन मध्यस्थों को कुछ भुगतान किया जाना होगा, जिसे डिजिगोल्ड द्वारा आपकी ओर से वहन किया जाएगा जब तक कि इन शर्तों में अन्यथा संकेत नहीं किया जाता।

4.2. *4.2.* सुरक्षा ट्रस्टी की नियुक्ति

4.2.1. *4.2.1.* आप इसके द्वारा स्वीकार करते और सहमति व्यक्त करते हैं कि सभी परिस्थितियों में अपने ग्राहक आर्डर/ ग्राहक अनुरोध पूरा होना सुनिश्चित करने के लिए, ग्राहक सोने पर रेहन *(* दृष्टिबंधक*)* के माध्यम से आईडीबीआई सर्विसेज लिमिटेड या किसी उत्तराधिकारी व्यक्ति *("*सुरक्षा ट्रस्टी*")* के पक्ष में अनन्य प्रभार सृजित किया जाएगा।

4.2.2. *4.2.2.* इन शर्तों को स्वीकार करके, आप आगे सुरक्षा ट्रस्टी के साथ ऐसी व्यवस्था *(*यानी, सुरक्षा ट्रस्टी अनुबंध*)* की शर्तों को स्वीकार करने और ग्राहक के सोने पर दृष्टिबंधन विलेख या इसी प्रकार के अन्य माध्यम *((*सामूहिक रूप से, *"*सुरक्षा ट्रस्टी समझौते*")* से प्रभार के सृजन के लिए के लिए सहमत होते हैं । *"*मैं स्वीकार करता हूं*"* पर क्लिक करके, आप स्वीकार करते हैं कि आप सुरक्षा ट्रस्टी समझौतों को *(*ऐसी तारीख को*)* इस प्रकार से स्वीकार करेंगे जैसे कि आपको इसमें मूल पक्ष के रूप में नामित किया गया हो और आपने ऐसे प्रत्येक सुरक्षा ट्रस्टी समझौते को निष्पादित किया हो*;* और आप सुरक्षा ट्रस्टी समझौतों के सभी नियम एवं शर्तों से आबद्ध होंगे।

4.2.3. *4.2.3.* आपके किसी ग्राहक आदेश/ ग्राहक अनुरोध की वास्तविक सुपुर्दगी या पूर्ति होने तक किसी मध्यस्थ को या किसी अन्य प्रकार

से कोई व्यय या प्रभार शेष रहने की घटना में, जिसमें डिजिगोल्ड द्वारा किसी भी कारण के लिए इन व्यय या प्रभारों का भुगतान करने में असमर्थ रहना, जिससे आपके ग्राहक ऑर्डर की पूर्ति को विपरीत रूप से प्रभावित करना या खतरे में डालना इत्यादि सम्मिलित है, तो सुरक्षा ट्रस्टी को ग्राहक के सोने का हिस्सा बेचने और ऐसे बकाया खर्चों या प्रभारों को इन सुरक्षा ट्रस्टी समझौतों के साथ पठित इन शर्तों द्वारा किए गए निर्धारण के अनुसार पूरा करने का अधिकार होगा। ऊपर बताए गए शुल्कों को निपटाने के बाद आपको और/या सुपुर्द किए जाने वाले सोनने के लिए देय राशि ( जैसा भी मामला हो) से सुरक्षा ट्रस्टी समझौतों के साथ पठित इन शर्तों के अनुसार निपटा जाएगा।

4.2.4. *4.2.4.* इन शर्तों के माध्यम से, आप अपने हितों की पर्याप्त रूप से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा ट्रस्टी को अपनी ओर से कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करते हैं।

4.3. *4.3.* सोने का सुरक्षित रखरखाव (सेफ कीपिंग)/वॉल्टिंग

4.3.1. *4.3.1.* आपके द्वारा ग्राहक आर्डर के अनुरूप खरीदा गया सोना आपकी ओर से एक संरक्षक ("वॉल्ट कीपर") के पास एक तिजोरी (वॉल्ट) में संग्रहित किया जाएगा।

4.3.2. *4.3.2.* आप एतद्द्वारा *(i)* खरीदे गए सोने को सुरक्षित रखने के लिए ऐसे वॉल्ट कीपर की नियुक्ति; और *(ii)* डिजिगोल्ड को आपके द्वारा खरीदे गए ऐसे स्वर्ण उत्पाद (गोल्ड प्रोडक्ट), बुलियन, सिक्के या आभूषण आदि (जो भी मामला हो) को सुरक्षित तिजोरी में अपनी ओर से ("ग्राहक सोने के रूप में") संग्रहीत करने के लिए ; अधिकृत करते हैं। एतद्द्वारा यह स्पष्ट किया जाता है कि ग्राहक ऑर्डर के अनुरूप सोने की आपकी खरीद पूर्ण होनी मानी जाएगी ऐसे और आपकी ओर से वॉल्ट कीपर के पास ग्राहक सोने के ऐसे प्रासंगिक भाग को संग्रहीत किए जाने या लागू कानूनों के अधीन डिजिगोल्ड द्वारा इन शर्तों के अनुसार अंतिम इनवायस जारी किए जाने पर , उसके संबंध में स्वत्वाधिकार पारित किया गया समझा जाएगा।

4.3.3. *4.3.3.* यह सुनिश्चित करने कि ऐसी तिजोरी में संग्रहीत ग्राहक सोना पर्याप्त रूप से सुरक्षित है, वॉल्ट कीपर द्वारा आवश्यक बीमा पॉलिसी प्राप्त की जा चुकी है/हैं, जहां सुरक्षित रखने के लिए बीमा की लागत वॉल्ट कीपर द्वारा वहन की जाएगी। इस तरह की बीमा पॉलिसी के अनुसार, वॉल्ट (तिजोरी) में संग्रहीत ग्राहक सोने की किसी हानि या क्षति के लिए, आप आगे सुरक्षा ट्रस्टी को बीमा पॉलिसी/पॉलिसिियों के तहत अपने लाभार्थी के रूप में कार्य करने और अपने हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत करते हैं।

4.3.4. *4.3.4.* यद्यपि वॉल्ट कीपर ने आवश्यक बीमा पॉलिसी ले ली है/हैं, ऐसी बीमा पॉलिसी/पॉलिसियों में आच्छादित (कवर) न होने की घटना घटित होने की स्थिति में, ग्राहक सोना खतरे में पड़ सकता है । वॉल्ट कीपर द्वारा प्राप्त की गई बीमा पॉलिसी/पॉलिसियाँ वैश्विक उद्योग प्रथाओं के अनुरुप हैं और अग्निकांड, बिजली गिरने, चोरी, चक्रवात, भूकंप, बाढ़, आदि के कारण होने वाली क्षति को आच्छादित

*(कवर)* करती हैं लेकिन युद्ध, क्रांति, युद्ध के परित्यक्त हथियारों, नाभिकीय विकिरण आदि घटनाओं के कारण होने वाली क्षतियों को आच्छादित *(कवर)* नहीं करती हैं।